दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com | रांची, 9 सोमवार, मार्च 2020 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष, पंचमी, विक्रम संवत-2076, वर्ष-04, अंक-252, पृष्ठ-12, मूल्य-3.00 | रांची (झारखंड), बिलासपुर-रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं भोपाल (मध्यप्रदेश) से एक साथ प्रकाशित

रांची के युवक में दिखा कोरोना का लक्षण

रांची : कोरोना वायरस का लक्षण दिखने के बाद एक और संदिग्ध को रांची के रिम्स में भर्ती किया गया है। 19 वर्षीय मरीज पलामू जिला का रहने वाला है। रिम्स प्रबंधन के अनुसार संदिग्ध मरीज बीते 11 फरवरी को किसी निजी काम से दिल्ली गया हुआ था। करीब 15 दिन रहने के बाद एक मार्च को रांची लौटा। रांची लौटने के अगले दिन सर्दी-बुखार, खांसी व बदन दर्द होने की शिकायत पर उसे मेडिसीन के डॉ बी कुमार के यूनिट में भर्ती कराया गया।

पूरे मामले की जानकारी होने के बाद मरीज को आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया। रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि एहतियात के तौर पर मरीज को आइसोलेशन वार्ड में शिफ्ट किया गया है। शनिवार व रविवार को कुरियर सर्विस बंद रहती है जिस कारण मरीज का सैंपल फिलहाल जांच के लिए नहीं भेजा जा सका है। सोमवार को सैंपल को जांच के लिए कोलकाता स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ कोलरा एंड इंटेरिक डिजीज लैब भेजा जाएगा।

कोरोना के लिए रिम्स में तैयार आइसोलेशन विंग का मॉक ड्रिल होली बाद : रिम्स के पेइंग वार्ड में कोरोना के लिए तैयार आइसोलेशन विंग का मॉक ड्रिल होली के बाद किया जाएगा। विंग को तैयार तो कर लिया गया है, लेकिन अभी कुछ जरूरी सुविधाओं की कमी है, जिसके कारण मॉक ड्रिल नहीं किया गया। रिम्स अधीक्षक डॉ विवेक कश्यप ने बताया कि आइसोलेशन विंग को आइसोलेट करने के लिए केमिकल मंगा लिया गया है।

इसकी सप्लाई अब तक नहीं की गई है। विंग में लगातार स्प्रे किया जा रहा है। पारा मेडिकल कर्मियों को छोड़ कर अन्य किसी को भी विंग में जाने की अनुमति नहीं है। डॉ कश्यप ने बताया कि ग्लब्स, सेनेटाइजर व अन्य केमिकल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। हमारे पास मास्क नहीं है, जिसको मंगाया जा रहा है। होली बाद आइसोलेशन विंग में मरीज को भर्ती कर इलाज करने के लिए हम पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे।

कोरोना को ले 21 एयरपोर्ट पर 611167 यात्रियों की स्क्रीनिंग : कोरोना वायरस से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने पूरी तैयारी कर रखी है। विदेश से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की व्यवस्था है। इसके साथ ही विदेश जाने वाले यात्रियों को भी जरूरी सलाह व सुझाव देकर भेजा जा रहा है। भारत में कुल 21 एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग की व्यवस्था की गई है। विदेश से आने वाले व विदेश जाने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। चार मार्च तक 6,11,167 यात्रियों की स्क्रीनिंग की गई है। लोकसभा में सांसद संजय सेठ के सवाल पर ये जवाब केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने दी है। सांसद ने लोकसभा में कोरोना वायरस से निपटने की तैयारी व व्यवस्था पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से सवाल किया था।

भारत में मिले 29 मरीज, सभी खतरे से बाहर : सांसद के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि 18 जनवरी से ही सरकार लगातार इस पर निगरानी रखे हुए है। दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोच्चि समेत 21 एयरपोर्ट पर यात्रियों के स्क्रीनिंग की व्यवस्था है। यहां चीन, साउथ कोरिया, जापान, इटली, हांगकांग, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, थाईलैंड व सिंगापुर से आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक 6,241 जहाजों से आए यात्रियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यह प्रक्रिया लगातार जारी है। 4 मार्च तक 6,11,167 यात्रियों की स्क्रीनिंग की गई थी। इनके स्वास्थ्य की भी जांच की गई।

झारखंड में कोरोना के मरीजों व संदिग्धों की एमजीएम में होगी जांच : इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आइसीएमआर) ने झारखंड से एमजीएम कॉलेज को कोरोना वायरस की जांच के लिए चयनित किया है। अगले 10 दिनों के अंदर महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज में कोरोना वायरस की जांच शुरू हो जाएगी। इसके लिए जल्द ही केंद्र सरकार की तरफ से जांच किट उपलब्ध कराई जाएगी। खास बात यह है कि यहां जांच की रिपोर्ट भी मरीजों को 48 घंटे के अंदर मिल जाएगी। शेष पेज 12 पर

> कोरोना वायरस की जांच के लिए झारखंड से एमजीएम का चयन हुआ है। एक-दो दिनों के अंदर किट आने की उम्मीद है। उसके बाद जल्द ही कोरोना वायरस की जांच भी शुरू हो जाएगी।
>
> **डॉ. पीके बारला,** प्रिंसिपल, एमजीएम मेडिकल कॉलेज

न्यूज गैलरी

होली की बधाई देने रिम्स अस्पताल पहुंचे लालू के समर्थक

रांची : राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को होली की बधाई देने के लिए उनके समर्थक रिम्स अस्पताल पहुंचे। समर्थक तरह-तरह की फल, सब्जी और मिठाई लेकर अस्पताल के पेइंग वार्ज में पहुंचे थे। लालू यादव की होली बेहद चर्चित होती थी। वे इस पर्व को अपने समर्थकों के साथ बड़ी धूमधाम से मनाते थे। उनके पटना के आवास पर मनने वाले होली को लेकर समर्थकों में बड़ा उत्साह होता था। टीवी चैनलों पर भी लालू की होली की झलकियां लोग देखकर आनंद लेते थे। अब जब लालू यादव सजा काट रहे हैं और बीमारी के चलते अस्पताल में हैं, तब उनके समर्थक उन्हें इस खास पर्व की बधाई देने पहुंचे।
शेष पेज 12 पर

सभी वार्डों का निरीक्षण करें नगर निगम आयुक्त जलजमाव की समस्या न हो

रांची : हरमू विद्यापति नगर वार्ड 2 के लोग जलजमाव से परेशान हैं। आए दिन हो रही इस परेशानी की शिकायत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ट्वीट कर की गई है। ट्विटर पर जानकारी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने रांची के विद्यापति नगर वार्ड 2 के नागरिकों को जलजमाव से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए रांची नगर निगम के आयुक्त को तत्काल उपाय करने का निर्देश दिया है। शेष पेज 12 पर

पारा शिक्षकों को होली के बाद शिक्षा मंत्री का बुलावा

रांची : राज्य के पारा शिक्षक अपनी समस्याओं को लेकर लगातार कोशिश में लगे हुए हैं। इधर कुछ दिनों में पारा शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं और बेहतर भविष्य के निमित्त नियमावली निर्माण हेतु एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई द्वारा सांगठनिक प्रयास किया गया। स्थायीकरण एवं वेतनमान नियमावली के माध्यम से प्राप्त होना है, बता दें की एक बैठक शिक्षा मंत्री द्वारा होली बाद बुलाने की स्वीकृति मिली है। एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने अपनी तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि नियमावली में टेट, अनटेट सभी निहित हैं।
शेष पेज 12 पर

अवकाश की सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकर बंधुओं को होली की शुभकामनाएं।
होली के अवसर पर नव प्रदेश का कार्यालय 09 मार्च व 10 मार्च, 2020 को बंद रहेगा। अतः हमारा अगला अंक आपको 12 मार्च, 2020 को उपलब्ध होगा।
नव प्रदेश टीम

राष्ट्रपति कोविंद ने महिलाओं को दिया नारी शक्ति पुरस्कार

नई दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने अपने क्षत्र में उपबल्धि हासिल करने वाली महिलाओं के सम्मान करते हुए उन्हें नारी शक्ति पुरुस्कार से नवाजा। इसी के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए सबसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा हम अपनी नारी शक्ति की भावना और उपलब्धियों को सलाम करते हैं। जैसा कि मैंने कुछ दिन पहले कहा था कि मैं सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर रहा हूं। सात

पीएम ने सौंपा सोशल मीडिया अकाउंट

महिलाएं अपनी जीवन से जुड़ी कहानियां साझा करेंगी और मेरे

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलट मोहना जीतवाल, अवनी चतुर्वेदी और भावना कंठ को नारी शक्ति पुरस्कार दिया।
- एथलेटिक्स में अपनी उपलब्धियों के लिए, 103 वर्षीय मान कौर को राष्ट्रपति से नारी शक्ति पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने बिहार की बीना देवी को नारी शक्ति पुरस्कार प्रदान किया। मशरूम की खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए ये पुरुस्कार दिया गया है। उन्हें मशरूम महिला के रूप में जाना जाता है। वह 5 साल के लिए टेटियाबंबर ब्लॉक के धौरी पंचायत का पैन सरपंच थी। शेष पेज 12 पर

बिहार के बख्तियारपुर से रांची लाया जा रहा डेढ़ टन घटिया पनीर जब्त, कारोबारियों में हड़कंप

रांची : खाद्य सुरक्षा विभाग को रविवार की भोर बड़ी सफलता मिली। बख्तियारपुर से रांची आ रही तीन बसों से डेढ़ टन घटिया किस्म के पनीर को बूटी मोड़ जांच अभियान के दौरान जब्त किया गया। चंद्रलोक, कृष्णा रथ और रौशन नाम के बसों से इन पनीर को लाया जा रहा था। होली को देखते हुए काफी मात्रा में पनीर सप्लाई रांची के बाजार में हो रही थी। फूड सेफ्टी ऑफिसर एसएस कुल्लू के नेतृत्व में में विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें सदर थाना और बरियातू थाना की विशेष टीम ने सहयोग किया।

भोर तीन बजे से सुबह छह बजे तक अभियान चलाया गया। इस दौरान 15 बसों की जांच की गई। इसमें इन तीन बसों पर से पनीर जब्त किया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर कुल्लू ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या से पनीर की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। साथ ही पैकेजिंग में फूड सेफ्टी स्टेंडर्ड मानकों का ख्याल रखा नहीं गया है। जैसे तैसे गंदे तरीके से बसों पर रखकर उसे लाया जा रहा था। फिलहाल सैंपल को जांच के लिए नामकुम स्थित लेबोरेट्री में भेज गया गया है। जांच के बाद ही इसकी गुणवत्ता का पता चल सकेगा।

होली से पहले रांची में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

रांची : झारखंड की राजधानी रांची में होली त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने रविवार को फ्लैग मार्च किया। कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में मेन रोड में पुलिस बल ने मार्च किया और लोगों को आश्वस्त किया कि वे बेखौफ होकर होली का जश्न मनायें। होली के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी से निबटने के लिए रांची पुलिस पूरी तरह तैयार है। रांची में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

मेन रोड में फ्लैग मार्च के दौरान वज्र वाहन को भी सड़क पर उतारा गया था। पुलिस ने कहा है कि लोग शांतिपूर्वक होली का त्योहार मनायें। जबरन किसी को रंग न लगायें। होली के बहाने किसी को परेशान करने से भी बचने की सलाह पुलिस ने लोगों को दी है। कहा गया है कि होली के दिन सभी चौक-चौराहों पर पुलिस तैनात रहेगी। यह भी कहा गया है कि किसी ने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश की, तो उससे सख्ती से निबटा जायेगा। संवेदनशील इलाकों के साथ-साथ शहर के सभी मुख्य चौक-चौराहों पर होली के त्योहार के मद्देनजर पुलिस बल को तैनात किया जायेगा। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वयं स्थिति पर नजर रखेंगे।

3 मार्च तक म्यूटेशन के 37,167 मामले लंबित

राज्य सरकार ने डीसी से पूछा- कार्रवाई क्यों नहीं की

- जमीन का म्यूटेशन लंबित रखने पर 8 डीसी और 14 सीओ को शोकॉज
- अभी उन सीओ को ही नोटिस, जिनके यहां 100 से अधिक मामले

रांची : जमीन का म्यूटेशन लंबित रहने पर राज्य सरकार ने आठ डीसी और 14 अंचल अधिकारियों (सीओ) को शोकॉज किया है। अंचलों से संबंधित डीसी से पूछा गया है कि समय पर म्यूटेशन की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। भू-राजस्व विभाग के मुताबिक तीन मार्च तक राज्य में म्यूटेशन के 37,167 मामले लंबित थे। इनमें से अभी सिर्फ उन्ही अंचल अधिकारियों को शोकॉज किया गया है, जिनके यहां 100 से अधिक मामले लंबित हैं। सदन में प्रदीप यादव द्वारा पूछे गए

अल्पसूचित प्रश्न के जवाब में भू-राजस्व विभाग ने लिखित में यह जवाब दिया है। कहा गया है कि शोकॉज पर अंचल अधिकारियों का जवाब मिलने के बाद कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से समुचित कार्रवाई की जाएगी।

इन डीसी और सीओ को शोकॉज : राज्य के जिन अंचल अधिकारियों को म्यूटेशन का मामला लंबित रखने के लिए शोकॉज किया गया है, उनमें हजारीबाग सदर, बिरनी, धनबाद सदर, बरहरवा, रातू, गुमला सदर, खरौंधी, गिरिडीह सदर, गोविंदपुर, नगड़ी, पाकुड़ सदर, कांके, नामकुम और रंका शामिल हैं। इनके अलावा हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद, साहेबगंज, रांची, गुमला, पाकुड़ और गढ़वा के डीसी को शोकॉज किया गया है।

भू-राजस्व विभाग का तर्क- सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी से कई मामले फंसे-

आपत्ति सहित मामलों के निपटारे के लिए 90 दिन का समय तय : विभाग की ओर से बताया गया है कि म्यूटेशन (दाखिल खारिज) के मामलों के निपटाने के लिए समय सीमा तय है। शेष पेज 12 पर

ट्विटर पर झारखंड सरकार : ब्रेन ट्यूमर पीड़ित के इलाज का सीएम हेमंत ने दिया निर्देश

रांची : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उपायुक्त बोकारो को ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित चास निवासी स्वास्तिक कुमार की सरकारी योजना के तहत मदद करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री को ट्वीट कर बताया गया कि चास नगर निगम वार्ड 12 निवासी एक परिवार का 29 वर्षीय बेटा ब्रेन ट्यूमर से ग्रसित है। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से वे इलाज कराने में असमर्थ हैं। बेटे की जान बचाने के लिए मदद की गुहार लगाता यह परिवार दर-दर भटक रहा है। अब तक सहायता ना मिलने से माता-पिता अपने बेटे को तिल-तिल मरता देख रहे हैं।

मेरी दो साल की बेटी को बेचना चाहते हैं ससुराल वाले : टाटा डिमना मानगो की नेहा शर्मा ने मुख्यमंत्री से मदद की अपील की। उन्होंने लिखा है कि ससुराल वाले तीन साल से परेशान कर रहे हैं। उसकी दो साल की बेटी है। उस पर भी अत्याचार हो रहा है। ससुराल वाले उसकी बेटी को भी बेचना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर पुलिस को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

वार्डों की स्थिति का मुआयना करें रांची नगर आयुक्त : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विद्यापति नगर वार्ड दो के नागरिकों को जलजमाव की समस्या से हो रही परेशानी से निजात दिलाने के लिए रांची नगर निगम के आयुक्त को समस्या पर तत्काल संज्ञान लेकर समाधान करने का आदेश दिया है। सीएम ने आयुक्त को सभी वार्डों की स्थिति का मुआयना करने के साथ यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि ऐसी परेशानी और कहीं ना हो। शेष पेज 12 पर

सात फेरों से पहले फरार हुई दुल्हन, छोटी बहन से शादी करने पर अड़ा दूल्हा; गांव में 200 बरातियों ने डाला डेरा

लातेहार : हेरहंज प्रखंड के नवादा ग्राम निवासी स्व. बनवारी उरांव व हीरामणि कुंवर के तृतीय पुत्र जोगेंद्र उरांव एवं लातेहार के तरवाडीह ग्राम निवासी सीताराम उरांव व शालमुनी देवी की प्रथम सुपुत्री सुषमा कुमारी की शादी के कार्ड में लिखी गई उक्ति %क्या कुदरत है, नसीबा का कौन किसके करीब होता है। विवाह उसी से होता है, जहां जिसका नसीब होता है% वर और वधू पर शादी से पूर्व ही चरितार्थ हो गई।

तय समय के अनुसार जोगेंद्र बारात लेकर अपनी दुल्हन सुषमा के घर पर 6 मार्च की रात में पहुंचा, लेकिन यहां आने पर पता चला कि उनकी दुल्हन ही गायब हो गई है। रात भर दुल्हन को ढूंढने का सिलसिला चलता रहा। लेकिन, दुल्हन का कोई पता नहीं चल सका, दूसरे दिन शनिवार को सुषमा के पिता भी घर से गायब हो गए। घर में बची सिर्फ सुषमा की छोटी बहन सुषिता और उसकी मां शालमुनी देवी।

बारात में आए लोग और स्थानीय ग्रामीणों के बीच काफी देर तक आपसी विचार विमर्श चलता रहा। इसके बाद बराती पक्ष के लोगों ने कहा कि सुषमा की छोटी बहन से ही दूल्हे का विवाह कर उसे विदा कर दिया जाए। लेकिन, इस बात पर भी सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद मामले की सूचना प्रशासन के साथ पुलिस को दी गई।

डेढ़ लाख रुपये या दुल्हन की बात पर अड़े बराती : दूल्हा जोगेंद्र के चाचा विजय उरांव ने जानकारी देते हुए कहा कि हमलोगों ने सर्वसम्मति से विवाह की तिथि निर्धारित की थी। विवाह में किसी प्रकार के दहेज की रकम नहीं ली गई थी, लेकिन बरात लेकर गांव आने पर पता चला कि दुल्हन ही गायब हो गई। हमलोगों ने पूरी रात जागकर इंतजार किया, लेकिन लड़की नहीं आई तो हमने जायज तरीके से कहा कि बरात लेकर आने में अब तक डेढ़ लाख रुपये से अधिक की रकम खर्च हुई है। यह रकम हमलोगों को दे दी जाए या लड़की की छोटी बहन से ही विवाह करा दिया जाए। लेकिन, इस पर भी लड़की के मां-पिता राजी नहीं हैं। सबसे बड़ी बात कि लड़की के पिता सीताराम उरांव अपने घर से ही गायब हो गए हैं।

दूल्हे ने जो कहा : दुल्हन सुषमा के परिजनों ने शादी की तिथि 6 मार्च को फाइनल की थी। इसलिए रात को हमलोग बरात लेकर आए। 14 गाड़ी से 150 से अधिक की संख्या में हमलोग आए, लेकिन लड़की गायब हो गई। यह तो गलत है। एक तो हमारी बेइज्जती और शादी की तैयारियों से लेकर बारात तक में डेढ़ लाख रुपये से अधिक का खर्च हो गया। अब हमारे चाचा ने कहा कि या तो छोटी बेटी से शादी करा दें या खर्च हुई रकम डेढ़ लाख रुपये दे दें। अब इसी बात पर समझौता हो सकता है।

दुल्हन सुषमा की मां ने जो बताया : दुल्हन सुषमा की मां शालमुनी देवी ने कहा कि हमारी बेटी कहां गायब हो गई, कोई पता ही नहीं चल पा रहा है। बरात आकर टिकी हुई है, इसका अफसोस है। बराती छोटी बेटी से शादी या डेढ़ लाख रूपये की मांग कर रहे हैं। लड़की के पिता भी कहीं चले गए हैं। हमारी समझ में नहीं आ रहा है कि अब क्या किया जाए।

> मामले की सूचना के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। दोनों पक्षों में विवाद न हो, इसके लिए पुलिस की ओर से हर संभव कोशिश की जा रही है।
>
> **अमित कुमार गुप्ता,** थानेदार।

बाबा रामदेव बोले, मदरसा और गुरुकुल में एक साथ हो छापेमारी, कहां निकलते हैं हथियार

रांची। पतंजलि योगपीठ के पुरोधा योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि भारत में अतिवादियों की संख्या बढ़ रही है। पतंजलि के आचार्यकुलम को हिन्दू मदरसा कहा जा रहा है, अगर ऐसा है तो देश के सभी मस्जिदों और मदरसों के साथ ही मंदिर और वैदिक गुरुकुलों में एक साथ छापेमारी कराई जाए। मैं यकीन दिलाता हूं कि हिन्दू मंदिर और गुरुकुल में कोई हथियार नहीं मिलेगा। मस्जिद-मदरसा को भी यह गारंटी देनी चाहिए कि उनके यहां कानूनी तौर पर कुछ भी गलत नहीं हो रहा। बाबा रामदेव ने सीएए के विरोध के नाम पर शाहीन बाग के प्रदर्शन पर कहा कि मैं किसी एक व्यक्ति को इसका जिम्मेवार नहीं मानता। इसके पीछे बड़ा राजनीतिक उद्देश्य काम कर रहा है।

बाबा रामदेव ने कहा कि धार्मिक विश्वास, विचारधारा और आस्था के नाम पर देश में जो जहर घोला जा रहा है, वही दिल्ली के शाहीन बाग का मुख्य कारण है। हमें आपस के जहर को दूर करने की जरूरत है। योगगुरु ने देश के लोगों से आग्रह किया कि हिन्दू मुस्लिम आतंकवाद के नाम पर देश को न तोड़ें। बाबा ने कहा-मैं हिन्दू हूं, लेकिन न मैं किसी से डरता हूं, न ही किसी को डराता हूं। कुछ लोग कहते हैं कि भारत में मुझे डर लगता है। में उन्हें कहना चाहता हूं कि यह देश 125 करोड़ भारतीयों का है। यहां कोई धर्म खतरे में नहीं है। बस खतरे में वे लोग हैं जो देश तोड़ना चाहते हैं। बाबा ने कहा कि इधर कुछ लोगों का कहना है कि उनके साथ देश में दोयम दर्जे का व?यवहार होता है। यह कहना सही नहीं है। हमारी धार्मिक आस्था से किसी को कोई बाधा नहीं है। हमारा देश भारत संविधान से चलता है।

नागरिकता संशोधन कानून, सीएए के विरोध के नाम पर शाहीन बाग में बीच सड़क पर धरना-प्रदर्शन की ओर इंगित करते हुए बाबा रामदेव ने कहा कि अर्बन नक्सल, धर्म और जाति के नाम पर खास

मकसद से इसे बढ़ावा दे रहे हैं। यह वैचारिक आतंकवाद है। आक्रामकता को उन्होंने देश के विकास के लिए उपयोगी बनाने पर जोर दिया। बाबा ने कहा कि देश में एक दूसरे से लड़कर हम देश का ही नुकसान कर रहे हैं। मजहबी उन्माद और अंध राष्ट्रवाद, संप्रदायवाद से आखिर किसका नुकसान हो रहा है। योग गुरु ने कहा कि देश के लिए मर-मिटने वाला युवा राष्ट्रवाद के लिए तैयार हों, इसकी पहल करते हुए ही आचार्यकुलम की स्थापना की गई है।

70 प्रतिशत भारतीय युवा देखते हैं पोर्न

बाबा रामदेव ने कहा कि आज 70 प्रतिशत भारतीय युवा पोर्न देखते हैं। हमारा देश एक पोर्न हब बन गया है। मॉडर्न सब्जेक्ट के लिए, वैदिक विषय के लिए, योगा और अनुशासन के लिए आचार्यकुलम में एक्सपर्ट को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रक्चर से लेकर करैक्टर तक यहां बनता है। अभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के बच्चे इस स्कूल में पढ़ रहे हैं। जल्द ही यह स्कूल देश के टॉप 5 स्कूलों की श्रेणी में गिना जाएगा। आचार्यकुलम पर बाबा रामदेव ने कहा कि यह एक वर्ष का एक प्रयोग है उसका असर बच्चों में दिख रहा है। शिक्षा, भाषा और तकनीक के अलावा अनुशासन-एकाग्रता जरूरी है। इससे शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। शिक्षा, योग और अच्छी आदतें यहां सिखाई जाती हैं।

योग गुरु बाबा रामदेव शनिवार को करीब 12 बजे राजधानी रांची पहुंचे। वे पतंजलि योगपीठ की ओर से नामकुम में संचालित? आचार्यकुलम में करीब तीन घंटे तक रुके। इस दौरान विद्यालय को लेकर उन्होंने अपनी भावी योजनाएं साझा कीं। योग गुरु के आगमन को लेकर आचार्यकुलम में जोरदार तैयारियां की गई थीं। योग गुरु ने योग प्राणायाम और अनुशासन को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताया। उन्होंने योग प्राणायाम और अनुशासन को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि ईमानदारी से लक्ष्य के लिए प्रयास निश्चित रूप से सफलता दिलाती है। उन्होंने आचार्यकुलम पाठशाला में मौजूद छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवन के लिए प्रेरित किया।

रांची के आचार्यकुलम पहुंचे योग गुरु, सवालों का दिया बेबाक जवाब

योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि देश में अतिवादियों की संख्या बढ़ रही है। जो पतंजलि योगपीठ के आचार्यकुलम को हिंदू मदरसा कह रहे हैं उनसे कहना चाहूंगा कि यदि ऐसा है तो हिंदुस्तान के तमाम मंदिर, वैदिक स्कूल, मस्जिद व मदरसा में छापेमारी होनी चाहिए। मैं यकीन दिलाता हूं और दावा करता हूं कि मंदिर व वैदिक स्कूलों में कोई हथियार नहीं मिलेगा। मदरसा व मस्जिद भी गारंटी दें कि वहां कानूनी तौर पर कुछ गलत नहीं है। योग गुरु ने शाहीन बाग में चल रहे धरना-प्रदर्शन के बारे में कहा कि मैं किसी एक व्यक्ति को इसका जिम्मेदार नहीं मानता। यह वैचारिक आतंकवाद है। धर्म-जाति के नाम पर राजनीतिक उद्देश्य से कुछ लोग इसे बढ़ावा दे रहे हैं। आक्रामक बनें, लेकिन देश के विकास की राह में रोड़े न अटकाएं।

कोरोना से डरें नहीं, योग में है उपचार

बाबा रामदेव ने कहा कि कोरोना हवा में नहीं फैलता। इसलिए डरने की जरूरत नहीं। आयुर्वेदिक जड़ी बूटी में गिलोय, तुलसी, हल्दी, कालीमिर्च और अदरक का काढ़ा कोरोना से भी बचाव में लाभकारी है। बाबा ने कहा कि कपालभाति, अनुलोम विलोम सरीखे प्राणायाम से इस पर काबू पाया जा सकता है। योग से शरीर की इम्युनिटी बढ़ती है। इन योग से कोरोना से खुद को बचा सकेंगे। योग गुरु ने योग प्राणायाम और अनुशासन को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताया।

चीन को योग सिखाएंगे, काढ़ा पिलाएंगे

बाबा रामदेव ने कहा कि चीन के लोगों को योग विद्या सिखाई जाएगी। मैंने चाइना को ऑफर किया है। गिलोय और तुलसी जैसी जड़ी-बूटी भी भेजी जाए ताकि जल्द से जल्द कोरोना वायरस की बीमारी पर निजात पाया जा सके। उन्होंने कहा कि देश पर मर-मिटने वाले युवा तैयार हों। इसी उद्देश्य के साथ आचार्यकुलम की स्थापना की गई है। मॉडर्न सब्जेक्ट के लिए, वैदिक विषय के लिए, योगा और अनुशासन के लिए आचार्यकुलम में विशेषज्ञ शिक्षक हैं। यहां संस्कारों और नैतिकता की शिक्षा के साथ छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण होगा। विद्यार्थियों में उच्च मानवीय गुणों का विकास करना हमारा मकसद है। जल्द ही यह स्कूल देश के टॉप पांच स्कूलों की श्रेणी में खड़ा होगा।

महिलाओं को जरूरत है, तो समाज परिवेश और संस्कृति के साथ-साथ स्वाभिमान की बात करने की : आशा लकड़ा

रांची। रांची नगर निगम की मेयर आशा लकड़ा ने कहा कि आज की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। बस महिलाओं को जरूरत है, तो समाज परिवेश और संस्कृति के साथ-साथ स्वाभिमान की बात करने की।

मेयर आशा लकड़ा रविवार को सीसीएल दरभंगा हाउस में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति और शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को नीचे देखा जाता था, लेकिन आज के समय में महिलाओं ने साबित किया है कि महिलाएं कल्पना चावला भी बन सकती है और सुषमा स्वराज भी। दरभंगा हाउस में वनवासी कल्याण केंद्र वनवासी कल्याण केंद्र के द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष पर व्भारत में जनजातीय महिलाओं की सामाजिक आर्थिक स्थितिक्व

नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। मौके पर जनजातीय महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित भी किया गया। पुस्तक के विमोचन के दौरान वनवासी कल्याण केंद्र कि डॉ अंजली देशपांडे ने बताया कि इस पुस्तक को तैयार करने के लिए और महिलाओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाने के लिए हमने देश भर की 80000 से ज्यादा महिलाओं से बातचीत की है।

उन्होंने बताया कि महिलाओं से बात करना आसान नहीं था। इसके लिए हमें कई परेशानियों का भी सामना करना पड़ा।

उन्होंने बताया कि देश भर से महिलाओं से बातचीत करने के बाद जो आंकड़े सामने आए हैं, वह सचमुच चौंकाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि देश भर की महिलाएं अपने परिवार और अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं, लेकिन वही परिवार अपने घर की महिलाओं के लिए प्रतिबद्धता दिखाने से बचता है और यह जानकारी हर स्तर की महिलाओं से लेने के बाद पुस्तक में लिखी गई है।

मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा



रांची। मुख्यमंत्री आवास में रविवार को हेमन्त सोरेन के वरीय आप्त सचिव श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय शिक्षक संघ ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम से संबोधित एक मांग पत्र सौंपा स संघ के प्रतिनिधियों ने राज्य में अवस्थित सभी 203 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के लिए एक नियमावली बनानेए पुरुष शिक्षकों को हटाए जाने पर रोक लगाने ए उच्च विद्यालयों के प्रतिनियुक्त किए गए शिक्षकों को वापस करने और सम्मानजनक मानदेय देने की मांग रखी स प्रतिनिधिमंडल में संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री रितेश सिंह ए प्रदेश सचिव रेशमी और संघ के दुमका जिलाध्यक्ष श्री निवृति पारिजात तथा सचिव नितेश मिश्रा सहित कई सदस्य मौजूद थे।

पारा शिक्षकों को होली के बाद शिक्षा मंत्री का बुलावा

मानदेय भुगतान नहीं हुआ तो फिर करेंगे आंदोलन

रांची। राज्य के पारा शिक्षक अपनी समस्याओं को लेकर लगातार कोशिश में लगे हुए हैं। इधर कुछ दिनों में पारा शिक्षकों की वर्तमान समस्याओं और बेहतर भविष्य के निमित्त नियमावली निर्माण हेतु एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा की राज्य इकाई द्वारा सांगठनिक प्रयास किया गया। स्थायीकरण एवं वेतनमान नियमावली के माध्यम से प्राप्त होना है, बता दें की एक बैठक शिक्षा मंत्री द्वारा होली बाद बुलाने की स्वीकृति मिली है।

एकीकृत पारा शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने अपनी तरफ से विज्ञप्ति जारी कर कहा गया है कि नियमावली में टेट, अनटेट सभी निहित हैं।

विभिन्न कारणों की वजह से पारा शिक्षकों के रोके गए मानदेय (यथा अप्रशिक्षित, एनसी/एबी क्लियर, एनसी अंकित, केस दर्ज के पश्चात जेल गए पारा शिक्षक, पलामू के छतरपुर नौडीहा के 436 पारा शिक्षकों के चयन को गलत तरीके से अवैध ठहराकर रोके गए आदि) का भुगतान जल्द हो इसकी मांग पारा शिक्षकों ने की है साथ ही भुगतान नहीं होने पर पारा शिक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

इस पर पारा शिक्षकों कहना है की मुख्यमंत्री ने स्वयं संज्ञान लिया है। उन्होंने उम्मीद जताया है कि जल्द ही भुगतान कर दिया जायेगा।

उनका कहना है कि होली के बाद उच्चस्तरीय कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। पारा शिक्षकों ने कहा है कि नियमावली फाइनल हो और लंबित मानदेय भुगतान का आदेश हो इसे लेकर उच्चस्तरीय कमेटी की बैठक में हमारी तरफ से प्रयास जारी है। इसके बाद भी यदि लंबित मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो पारा शिक्षक आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे।

रांची में ट्रेन चलाने से लेकर काउंटर सभी महिलाओं के जिम्मे

रांची। पूरी दुनिया में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर दुनिया की सबसे बड़ी सर्च इंजन कंपनी गूगल ने महिलाओं के योगदान पर डूडल समर्पित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी इस अवसर पर महिलाओं को बधाई दी है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को राज्य भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पूरी दुनिया में आधी आबादी के हुनर और हौसले को सलाम किया गया। सूबे में भी कई कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय काम करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर रांची रेल मंडल ने भी अनूठी पहल की। ट्रेनों के परिचालन से लेकर प्लेटफॉर्म, टिकट चेकिंग और टिकट काउंटर सभी महिलाओं के जिम्मे सौंप दिए गए। महिलाओं ने भी अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया और साबित किया कि पुरुषों कम नहीं बेहतर हैं।

रांची रेल मंडल ने रांची-लोहरदगा-टोरी पैसेंजर ट्रेन के परिचालन की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं को सौंप दी। धनबाद रेलवे स्टेशन की कमान भी पूरी तरह से महिलाओं के हाथ में रही। धनबाद रेलवे स्टेशन पर महिला कर्मी ही टिकट काउंटर पर रहीं और टिकट चेकिंग का काम भी महिलाओं ने ही किया।

राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को नमन करता हूं : हेमंत सोरेन

रांची। पूरी दुनिया में आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान को नमन करता हूं। नारी के सहयोग से शिक्षा, सुरक्षा, सभ्य एवं प्रगतिशील समाज के निर्माण को सुनिश्चित किया जा सकता है। भारत के निर्माण में इनके अदम्य साहस एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों की अहम भूमिका रही है। इनकी उपलब्धियों और अदम्य साहस ने हर क्षण हमें गौरवान्वित किया है। नारी शक्ति को पुनः मेरा नमन। आईये इनका सम्मान करें।

जेसीआई रांची उड़ान ने उत्कृष्ट काम करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

रांची। महिला सामाजिक संस्था जेसीआई रांची उड़ान के तत्वाधान में होटल पिनाकल में शनिवार को महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सप्ताह शामिलाना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की पाँच प्रतिष्ठित महिलाओं को जो स्वावलंबित होकर काम कर रही है,उनको सम्मानित किया गया।



शिक्षा के क्षेत्र में स्कूल सफायर इंटरनैशनल की डायरेक्टर मोहिता, समाज सेवी इंदिरा सिंह, कृषि क्षेत्र में नेहा सिंह, उध्दमी व्यवसायी अचर्ना मुरारका, खेलकूद के क्षेत्र में डॉली केजरीवाल को सम्मानित किया गया।

साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बीटूबी मिट कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरित किया गया। जिससे महिलाएं अपने काम को बढ़ावा दे सके। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर राखी खिरवाल और कृति बुधिया है।

कार्यक्रम की समन्वयक विनीता सिंघानिया और प्रिया पोद्दार है। इस अवसर पर अध्यक्ष राखी गंगवाल जैन और सचिव विनीता जैन, अनिता सोमानी,रंजना जाजोदिया,आभा भंडारी,निधि सराफ आदि मौजूद थी। इसकी जानकारी मिडिया प्रभारी पूजा केशरी ने दिया है।

बाबा रामदेव बोले- देश को मत तोड़ो, मंदिरों में नहीं मिलेगा हथियार, दूसरे लोग भी ऐसी ही गारंटी दें

नामकुम (रांची)। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि मैं गारंटी के साथ कहता हूं कि हिंदुस्तान के एक भी मंदिर, वैदिक स्कूल या गुरुकुल में हथियार या ऐसी चीज नहीं मिलेंगी जो कानून की दृष्टि से गलत हैं। दूसरे लोग भी ऐसी गारंटी दें। उन्होंने कहा- इस देश को हिंदू-मुसलमान और मजहबी उन्माद के नाम पर मत लड़ाओ, नहीं तो देश टूटेगा। देश टूटा तो सबको हानि होगी। मैं किसी की आस्था पर प्रहार नहीं करता। न किसी से डरता हूं और न ही किसी को डराता हूं। आचार्यकुलम में आए रामदेव ने बच्चों को कोरोनावायरस से बचने के उपाय भी बताए।

रामदेव ने कहा कि यह देश किसी राजनीतिक पार्टी, संगठन या किसी व्यक्ति की जागीर नहीं है। यह देश हम भारतीयों का है। यह देश संविधान से चलता है। किसी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। न ही हिंदू धर्म खतरे में है और न ही इस्लाम धर्म। अगर खतरे में है तो वे लोग जिनकी कुछ अलग मंशा है। उन्होंने कहा कि भारत पोर्न वीडियो का सबसे बड़ा केंद्र बन गया है। करीब 70 फीसदी युवा पोर्न देखते हैं। इनसे बचने के लिए हम अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे रहे हैं। कई अच्छे संन्यासियों को भी यहां लगाया है। योगगुरु बाबा रामदेन आचार्यकुलम पहुंचे, वहां पर पढ़ाई कर रहे बच्चों के साथ मुलाकात की और उन्हें बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए जरूरी बात बताएं। इस दौरान बाबा ने बच्चों को योग प्राणायाम और अनुशासन को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इसके बाद आचार्यकुलम परिसर में मीडिया के साथ वार्ता की।

सूर्योदय व सूर्यास्त		रांची पेट्रोल-डीजल		रांची गैस सिलेंडर		रांची तापमान	
सूर्यास्त 5.57 सोमवार	सूर्योदय 06.21 सोमवार	पेट्रोल 72.17	डीजल 68.61 प्रति लीटर	घरेलू 658.50	व्यावसायिक 1186.50	अधिकतम 29.7°C	न्यूनतम 19.8°C

बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष घोषित करें नहीं तो पूरे राज्य में आंदोलन : भाजपा

सरयू राय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष मामले में विस सत्र में भाजपा विधायक का हंगामा करना अनुचित

रांची। भाजपा ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्णय के बाद विधानसभा अध्यक्ष को सकारात्मक राजनीति की पहल करनी चाहिए। विस अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो को अब झामुमो के दबाव से मुक्त होकर फैसला करना चाहिए। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने शनिवार को कहा कि अगर विधानसभा अध्यक्ष ने 12 मार्च तक भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता नहीं दी तो पार्टी पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी। प्रदीप वर्मा ने कहा कि झाविमो

के भाजपा में विलय को भारत निर्वाचन आयोग ने अपनी मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने इस बाबत अधिकृत पत्र भी जारी कर दिया। आयोग ने झाविमो के अस्तित्व को समाप्त मानते हुए उसके चुनाव चिह्न को जब्त कर भाजपा में विलय को विधिसम्मत माना।

मरांडी मामले में भाजपा विधायक गलत : सरयू

उधर, निर्दलीय विधायक सह पूर्व मंत्री सरयू राय ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेता प्रतिपक्ष मामले में विस सत्र में भाजपा विधायक का हंगामा करना अनुचित है। इस मामले में भाजपा विधायक गलत हैं। वे स्पीकर से ही न्याय मांग रहे हैं। स्पीकर रविंद्र नाथ महतो को मामले में न्याय करने के लिए सुनने का मौका मिलना चाहिए। स्पीकर का कोर्ट है, जहां इस मामले की सुनवाई की जाती है।

कोरोना इफेक्ट : पहले हर दिन 55 हजार किलो बिकता था मुर्गा, अब घट कर हुआ 17 हजार किलो

रांची। कोरोना वायरस का मुर्गा और अंडा बाजार पर बुरा असर पड़ा है. रांची और आसपास के इलाके (बुंडू, तमाड़, बेड़ो, मांडर, खूंटी, तोरपा आदि) में मुर्गा की बिक्री में 70 प्रतिशत और अंडा की बिक्री में 80 प्रतिशत की गिरावट आ गयी है. इससे विक्रेता परेशान हैं. पहले जहां मुर्गा की बिक्री हर दिन लगभग 55,000 किलो होती थी, वहीं वर्तमान सिर्फ 17,000 किलो हो रही है. हाल यह है कि देसी अंडा और बतख के अंडा की बिक्री पूरी तरह से खत्म हो गयी है. कई लोग डर से इसका सेवन नहीं कर रहे हैं. केडी सिंह पॉल्ट्रीज के जीएम (सेल्स एंड परचेज) संतोष कुमार मांझी और जोहार चिकन के प्रोपराइटर सौरभ बनर्जी ने कहा कि वर्तमान में बिक्री 70 से 80 प्रतिशत घट गयी है. बिक्री



पूरी तरह से ठप हो गयी है।

23 लाख की जगह पांच लाख अंडा की बिक्री – पहले जहां रांची और आसपास के इलाके में रोजाना औसतन 23 लाख अंडा की खपत होती थी. वहीं वर्तमान में इसकी बिक्री घट कर लगभग पांच लाख हो गयी है. 10 दिन पहले एक ट्रे अंडा की कीमत 175 रुपये थी. आज इसकी कीमत घट कर 130 रुपये प्रति ट्रे हो गयी है. खुदरा बाजार में मुर्गा 120 रुपये प्रति किलो मिल रहा है, जबकि थोक बाजार में इसकी कीमत 50 रुपये प्रति किलो है. वहीं देसी मुर्गा खुदरा बाजार में 350 रुपये प्रति किलो मिल रहा है. चूजा से 32 से 35 दिन में तैयार होता है मुर्गा – चूजा से मुर्गा तैयार होने में लगभग 32 से 35 दिनों का समय लगता है. तब इसका वजन लगभग 1.5 से दो किलो का होता है. एक मुर्गा एक दिन में लगभग 200 ग्राम दाना खाता है. वर्तमान में दाना की कीमत 40 रुपये प्रति किलो है. विक्रेताओं का कहना है कि हर दिन मुर्गा बड़ी संख्या में तैयार हो रहा है, लेकिन बिक्री नहीं होने से परेशानी बढ़ गयी है.

कालमेघ, अमृता, नीम व तुलसी का सेवन करें – इन दिनों कोरोना वायरस को लेकर लोगों में खौफ है. इंटीग्रेटेड मेडिसिन के विशेषज्ञ डॉ एसके अग्रवाल ने बताया कि हमारे राज्य में ऐसी जड़ी-बूटी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जो गंभीर व जटिल वायरस से बचाने में सक्षम है. कालमेध, अमृता, नीम व तुलसी का क्वाथ (काढ़ा) प्रतिदिन लेने से कोरोना वायरस से बचा जा सकता है. डॉ अग्रवाल ने बताया कि मेडिकल साइंस द्वारा कालमेघ व अमृता पर शोध किया गया है, जिसमें इससे लाभ मिलने की पुष्टि भी हुई है. कालमेध, अमृता, नीम व तुलसी कोरोना वायरस से पीड़ित मरीजों को भी लाभ पहुंचा सकता है।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 41 महिलाओं को सम्मानित किया गया

रांची। रविवार को छात्र क्लब एवं आस्था जीवन के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन श्री विश्वनाथ शिव मंदिर प्रांगण, पिस्का मोड़, रातू रोड, राँची में शिव किशोर शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मुख्यअतिथि हिन्दु जागरण मंच के प्रदेश संरक्षक प्रिंस आजमानी, विशिष्ट अतिथि श्री विश्वनाथ शिव मंदिर के संस्थापक शैलेश्वर दयाल सिंह, छाया फिल्म के प्रोडॅसर लक्ष्मन मुण्डा, मौरनिंग ग्लोरी स्कुल बाजरा के निदेशक सिमा मुण्डा, प्रसिद्ध समाजसेविका शिवानी प्रकाश, डॉ. स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेंयांस, संरक्षक धीरेन्द्र प्रसाद, छात्र क्लब ग्रुप के संरक्षक

लाल संजय नाथ शाहदेव, सुनील कुमार तिवारी, संजीव चैधरी, पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष महुआ माँझी, भाजपा नेत्री सुमन मिश्रा, सुचिता सिंह, परशुराम महतो, आस्था जीवन के सचिव विनोद कुमार साहू मौजूद थे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों जैसे-शिक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, चिकित्सा, खेल-कूद, कला-सांस्कृति, कम्प्यूटर शिक्षा, कृषि, ब्यूटीशियन, मॉडलिंग, आदि में उत्कृष्ट एवं बेहतर प्रदर्शन करने वाले 41 महिलाओं को प्रमाण-पत्र, अंग-वस्त्र, मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

संस्था की ओर से निम्नलिखित महिलाओं को सम्मानित किया गया- रागनी देवी, नीलम शर्मा, प्रिया कुमार गुप्ता, रविन्दर कौर, चन्द्रकांता गुप्ता, संध्या देवी, नीतू गुप्ता, प्रभा तिवारी, काव्या शर्मा, मुस्कान कुमारी, शकुन्तला देवी, निशा मल्होत्रा, शैलबाला, नीतिशा कुमारी, अनीता कुमारी, नीलम किरण, अंजना प्रियदर्शनी, पिया कुमारी, पायल सोनी, प्रिया कुमारी, सुनिता चैधरी, मंजू तिवारी, सौम्या तिवारी, नम्रता सोनी, प्रज्ञाश्री, बबली देवी, ईशा कुमारी, शीला साहू, शीला देवी, कुमूद झा, सुजाता भगत, किरण देवी, शोभा कुमारी, मोना देवी, खुशबू पटेल, शोभा वर्णवाल, ममता रानी, प्रीति गुप्ता, रीना सिंह, सिमरन देवी, पूनम झा,। कार्यक्रम की समाप्ति होली मिलन के साथ हुई। इस शुभ कार्य के लिए राँची के लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ जी ने आयोजन कमिटि को बधाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अनुज कुमार पटेल, अरविन्द कु0 तिवारी, अश्वनी कु0 तिवारी, देवनन्दन कु0 साहु, मन्नू कुमार चैधरी, अरूण प्रसाद, ने सराहनीय भूमिका निभाई।

पिछले पांच साल में किसी की नहीं हुई है भूख से मौत : खाद्य आपूर्ति विभाग

रांची। झारखंड में पिछले पांच साल में किसी भी व्यक्ति की मौत भूख से नहीं हुई है. माले विधायक विनोद सिंह के सवाल पर यह जवाब खाद्य आपूर्ति विभाग ने दिया है. बजट सत्र के दौरान विनोद सिंह ने सरकार से पूछा था कि क्या यह बात सही है कि पिछले पांच वर्षो में राज्य में एक दर्जन से ज्यादा मौत भूख एवं कुपोषण से हुई है, जिन्हें राशन सुचारू रूप से नहीं मिल पाता था? विभाग ने विधायक के इस सवाल को अस्वीकारात्मक बताया है.

राज्य में 99.60 प्रतिशत लोगों को मिल रहा खाद्य सुरक्षा अधिनियम का लाभ

झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के तहत जिलों को 10-10 हजार की राशि मिलती है

माले विधायक विनोद सिंह के सवाल पर खाद्य आपूर्ति ?विभाग का जवाब

विभाग ने अपने जवाब में कहा कि राज्य में अक्तूबर 2015 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है. इस अधिनियम के तहत 2,64,43,330 लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था. वर्तमान में 2,63,39,264 लोगों को इस योजना का लाभ मिल रहा है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 99.60 प्रतिशत है.

अधिनियम के तहत अपात्र लाभुकों की छंटनी किये जाने व पात्र लाभुकों को इस योजना से जोड़ने के लिए सभी जिलों को समय-समय पर निर्देश दिये जाते रहे हैं. साथ ही समाज के कमजोर वर्गों को अधिनियम के तहत प्राथमिकता के तौर पर लाभ देने का निर्देश दिये गये हैं. अधिनियम के तहत लाभुकों को खाद्यान न मिलने स्थिति में खाद्य सुरक्षा भत्ता दिये जाने का प्रावधान है. इसके निमित्त सभी जिलों को दो-दो लाख रुपये एकमुश्त राशि खाद्य सुरक्षा भत्ता के भुगतान के लिए उपलब्ध कराया गया है.

निर्धन जरूरतमंद व्यक्ति/परिवार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत लाभान्वित नहीं हो पा रहे हैं. राज्य सरकार द्वारा बजटीय उपबंध कर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर एवं शहरी क्षेत्रों के नगर निकाय में वार्ड स्तर पर 10-10 हजार रुपये की राशि झारखंड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष के तहत सभी जिलों को आवंटित की गयी है.

जिन मुद्दों पर जनादेश मिला उस पर गंभीर हो सरकार – विधायक विनोद सिंह ने कहा कि राज्य में भूख से मौत बदस्तूर जारी है. बोकारो के गोमिया में भी एक व्यक्ति की मौत भूख से हो गयी है. इसकी पुष्टि भी चुकी गयी है. सरकार को जिन मुद्दों पर जनादेश मिला है, उस पर गंभीर होने की जरूरत है. सरकार जब यह कह रही है कि 99 प्रतिशत लोगों को लाभ दे दिया है, फिर भूख से मौत कैसे हो रही है.

भूख से मौत को चुनाव में झामुमो व कांग्रेस ने बनाया था मुद्दा – विधानसभा चुनाव के दौरान झामुमो व कांग्रेस ने भूख से मौत को मुद्दा बनाया था. साथ ही राज्य में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत भूख से हुई है. इससे राज्य को देश में शर्मसार होना पड़ा है।

आदिम जनजाति के एक ही परिवार के 3 सदस्यों की नदी में डूबने से मौत

लातेहार। सदर प्रखंड में शुक्रवार को परहिया आदिम जनजाति परिवार के 3 लोगों की नदी के तेज बहाव में डूबने से मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से शवों को अगले दिन शनिवार की शाम बरामद किया गया। तीनों बांस काटने के लिए पहाड़ पर गए थे।

मरने वालों की पहचान लातेहार सदर प्रखंड के तरवाडीह पंचायत के नरेशगढ़ गांव के कुड़पानी टोला निवासी दासो परहिया (40), पत्नी संगीता देवी (36) और पुत्री छलकिता कुमारी (4) के रूप में की गई। शुक्रवार शाम को पहाड़ से उतरने के दौरान अचानक बारिश होने लगी और वे सभी एक नदी के तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए।

ग्रामीणों ने इनके घर नहीं लौटने पर खोजबीन की और शनिवार देर शाम इनका शव क्षत-विक्षत हालत में बरामद किया गया। लातेहार के एसडीपीओ बीरेंद्र राम ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है।

यस बैंक के कैश खत्म, परेशान रहे ग्राहक, झारखंड में एक साल से लोन देने में नाकाम

रांची। यस बैंक की हालत काफी दिनों से अच्छी नहीं थी. झारखंड में बैंक की वित्तीय स्थिति पूरी तरह से लड़खड़ाई हुई थी. खराब कर्ज का मर्ज लगातार बढ़ रहा था. ग्राहकों द्वारा जमा की गयी राशि यस बैंक की रीढ़ थी, पर आंकड़े बता रहे हैं कि पिछले आठ महीनों में ही उसके कुल डिपॉजिट में 294 करोड़ की कमी दर्ज की गयी. तब से ही लोग बैंक में पैसा जमा कराने से कतराने लगे थे. बैंक राज्य में कोई भी नया लोन नहीं दे पा रहा था. इसका अंदाजा बैंक के बैलेंस सीट को देख कर आसानी से लगाया जा सकता है. पिछले एक साल से बैंक की

क्षमता निरंतर कमजोर हो रही थी. झारखंड में बैंक का ऋण-जमा अनुपात 60 प्रतिशत के बेंचमार्क से घटकर करीब 20 रह गया था. झारखंड में पिछले एक साल से यस बैंक कर्ज देने के लिए नियम और शर्तों की अनदेखी कर रहा था. एक तरफ वह किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए ऋण मंजूर नहीं कर रहा था, तो दूसरी ओर शिक्षा में शून्य, आवास में महज तीन और केंद्र प्रायोजित विशेष योजनाओं के लिए दिये जाने वाले लोन पर भी पूरी तरह से रोक लगा दी गयी थी.

नये लोगों को कर्ज नहीं दे पा रहा था बैंक – वर्ष 2018-19 में देश में यस बैंक का कुल एनपीए 3,277 करोड़ था. इस सब के बीच बैंक नये लोगों को उधार नहीं दे पा रहा था. जून 2019 के अंत तक बैंक के पास झारखंड में 1239.86 करोड़ रुपये की जमा राशि थी, जो कि फरवरी 2020 में बहुत तेजी से घटी (945.86) और फिर एक दिन ऐसा आया जब बैंक लोगों को पैसा देने में पूरी तरह से नाकाम हो गया।

महिलाएं आर्थिक स्थिति मजबूत करें : अनुमंडलाधिकारी

हजारीबाग। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हजारीबाग की सदर अनुमंडल पदाधिकारी मेरा भारद्वाज ने महिलाओं को संदेश देते हुए कहा है कि महिलाएं पहले अपनी पढ़ाई पूरी करें उसके बाद अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करें ताकि देश के एवं परिवार के काम आ सके और अपने बदौलत आर्थिक भागीदारी कर पाए। साथ ही साथ उन्होंने पुरुषों को भी शुभकामना देते हुए कहा है कि इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाएं आज कामयाबी की ओर बढ़ रही हैं। इसमें पुरुषों की भी बड़ी भागीदारी है ।और देश के विकास के लिए देश की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए परिवार की गाड़ी को सुचारू रूप से चलाने के लिए महिलाओं का समर्पण किसी भी मामले में किसी से कम नहीं है। ऐसे में महिलाएं अपने आप को काफी सशक्त भूमिका में महसूस कर रही है। महिलाओं के लिए सरकार के द्वारा भी उनके सशक्तिकरण के लिए काफी कुछ प्रयास किए जा रहे हैं इसका भी वे लाभ उठाएं साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि क्योंकि वह एक महिला पदाधिकारी हैं इसलिए महिलाओं के प्रति उनका समर्पण और काम करने के प्रति उनकी पहल महिलाओं के लिए काफी गंभीर हैं वह हमेशा बढ़-चढ़कर महिलाओं की छोटी-मोटी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करती हैं और अपने अनुभव के आधार पर हर महिलाओं को यह बताना चाहती हैं कि अगर वह कदम बढ़ाएंगे तो रास्ता खुद ब खुद उन्हें मिल जाएगा यह उनकी बेहतर सोच का फलसफा है।



सुख-दुख का सारथी हूँ, हमेशा साथ निभाऊगां : शिक्षा मंत्री

बोकारो थर्मल। नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट स्थित गोनियाटो व पेंक पंचायत के मानपुर में कई योजनाओं का शिलान्यास राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने रविवार को किया। गोनियाटो के रविदास टोला में अनावद्ध योजना से 900 फीट पीसीसी पथ ओर पेंक के मानपुर में तालाब जिर्णोद्धार का शिलान्यास करते हुए ग्रामीणों से कहा कि जनता की सुख-दुःख का साथी हुं। हमेशा साथ निभाऊगां। भले ही हम कुछ दूर रहेंगे। सूचना मिलने के बाद वहां पहुंचना मेरी प्राथमिकता रहती है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मंत्री के साथ-साथ ऊपरघाट का सारथी हुं। मुझे जनसमस्याओं को सड़क से सदन तक पहुंचाने का काम करते आया हुं, ओर करता रहुंगा। हमसे मिलने के लिए ओर अपने समस्याओं को रखने के लिए किसी की पैरवी की जरूरत नहीं होगी। जनता सीधे मेरे पास कोई भी जन समस्या को लेकर सीधे दिन-रात संपर्क कर सकते है। यहां पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी, झामुमो किसना मोरचा के जिलाध्यक्ष लौकेश्वर महतो, उपाध्यक्ष गंगाराम महतो,रामचंद्र अंजना, प्रो.दशरथ महतो,मुखिया गणेश सोरेन,मुखिया सुखमती देवी,बसंती देवी,पंसस राजकुमारी देवी,बिशुन देवी,मनोज कुमार महतो,पिन्टू साव,कमल प्रसाद महतो,भैरव महतो,उमेश कुमार महतो,दिनेश मरांडी,दुर्गा पावरिया सहित सैकडों महिला-पुरूष उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाई गई नारी एक मां है उसकी पूजा करें : एमके राव

फुसरो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को करगली गेट स्थित महिला मंडप में माहेर संस्था द्वारा महिलाओं को सम्मानित किया गया। माहेर संस्था के संचालिका ललिता किंडो ने कहाकि 2013 से सामाजिक कार्य से जुड़कर समाज की सेवा कर रहे है। मुख्य अतिथि बीएंडके जीएम एमके राव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यकर्म को संबोधित करते हुए कहाकि अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरूआत 8 मार्च सन- 1914 ई0 में किया गया था जो आज समस्त भारतवर्ष में धूमधाम से मनाई जा रही है , कहा कि नारी एक मां है उसकी पूजा करो , नारी एक बहन है उसका ख्याल करो ,नारी एक पत्नी है उससे प्यार करो तथा नारी एक बेटी है उसका पोषण करो।

अतः नारी एक महान शक्ति है जिसकी सम्मान करना हम सभी का परम कर्तव्य है.श्री राव ने ललिता किंडो को सम्मान देते हुए उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया कहाकि ईश्वर हर जगह और सभी को नहीं मिल सकते हैं लेकिन मुझे ललिता किंडो के रूप मे ईश्वर के दर्शन हो गए. कहाकि महिला की भूमिका राष्ट्र निर्माण में अतिमहत्वपूर्ण होती है। हमें नारी का सम्मान करना चाहिए। समाज में ऐसा कोई कार्य नहीं है जो बिना महिला के सफल हो सके। बालक की प्रथम गुरू भी महिला ही होती है। वही उसे समाज की स्थिति से अवगत करवा कर अच्छे ङ्क बुरे का ज्ञान करवाती है। वहीं बीएमएस के रविंद्र कुमार मिश्रा के द्वारा दर्जनों महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया.मौके पर चन्द्रपूरा प्रमुख अनिता गुप्ता, बीएमएस के संत सिंह, युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष आर उनेश,डॉ शकुंतला कुमार,मेरा बचपन प्ले स्कूल के प्राचार्य रितु राठौर,वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, भाजपा नेत्री अर्चना सिंह आदि मौजूद थी।

तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण सम्पन्न

पेटरवार। नेहरू युवा केंद्र बोकारो के द्वारा तीन दिवसीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र पेटरवार में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण ने मुख्य अतिथि के रूप सांसद प्रतिनिधि संजय कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश सहगल कृषि वैज्ञानिक उदय कुमार के साथ राज्य स्तर पर प्रशिक्षक प्रकाश कुमार एवं प्रेम कुमार के द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किया गया। मुख्य प्रशिक्षक प्रकाश कुमार के द्वारा युवाओं के महत्व के बारे में बताया गया एवं राष्ट्रीय निर्माण ने उनकी भूमिका को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की।

युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई गई जिससे युवाओं में समाज के प्रति जागरूकता बढे. इस प्रशिक्षण में युवाओं को सामाजिक कुरीतियों को मिटाने एवम् खुद को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया गया।

मौके पर पेटरवार प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयसेवक सुमन कुमारी, पिंकी कुमारी, टिंकी कुमारी मुन्नी कुमारी सतेंदर नायक दीपक करमाली शंकर माली करिश्मा कुमारी ममता, उजाला संगीता संजीव,दुर्गा,रवि, सहित कई प्रतिभागी मौजूद थे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सेनेटरी नैपकिन का किया गया उद्घाटन

प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास में सेनेटरी नैपकिन का किया गया उद्घाटन

पांच का सिक्का डालने पर निकलेगा सेनेटरी नैपकिन

महिला दिवस पर कविताओं की लगी झड़ी

कतरास। प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना के अंतर्गत राजेंद्र बालिका उच्च विद्यालय कतरास में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेनेटरी पैड को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ राजेंद्र प्रसाद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया।वही राजेन्द्र बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने मैथली में स्वागत गान की प्रस्तुत दी।इसके बाद सेनेटरी नैपकिन का उद्घाटन किया गया।नुकड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने महिलाओं/लड़कियों के साथ महावारी (ऋतु चक्र) होने को लेकर जानकारी दी।वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पीएम जन कल्याणकारी योजना के राजमणि ने सेनेटरी पैड को लेकर छात्राओं को जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि 36त्न महिलाए ही सेनेटरी पैड का इस्तेमाल करती है। सेनेटरी पैड को लेकर लोगो मे जागरूकता लाने की जरूरत है।वही उन्होंने कहा कि छात्राएं आंगन बाड़ी में सेनेटरी नैपकिन 4 रुपया में 4 मिलता है।आंगन बाड़ी सेविका से भी आप ले सकते है।तथा जन औषधि केंद्र में भी सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध है।उन्होंने कई प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। डॉ शिवानी झा ने कहा कि महिलाएं तथा छात्राएं ज्यादा से ज्यादा सेनेटरी नैपकिन इस्तेमाल करें ताकि इंफेक्शन से बचा जा सके। वही जन कल्याणकारी योजना की प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा ने कहा कि महिलाएं सशक्त हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं तथा छात्राएं अपने संकोच को खत्म कर आगे बढ़े। कहा कि हर बच्चे अपने आसपास में सेनेटरी नैपकिन को लेकर जागरूकता फैलाये,और अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करें।वही कार्यक्रम की समाप्ति पर छात्राओं के बीच सेनेटरी नैपकिन बाटा गया। वही कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनिल राम,स्कूल की प्राचार्या सुमन मिश्रा, सचिव उत्तम मुखर्जी, जीवन ज्योति की अपर्णा दास,प्रो रंजन सिन्हा, सेनेटरी पैड मशीन की डोनर रीत सिन्हा, चांदनी कुमारी,मंच संचालन दीक्षा श्रीवास्तव के साथ स्कूल की शिक्षिका तथा शिक्षक मौजूद थे।

एसएचजी से सशक्त हो रही महिलाएं

जमुआ (गिरिडीह): स्वयं सहायता समूह से जुडी महिलाओं को कई तरह की मिटिंग , सभा और ट्रेनिंग में भाग लेने का मौका मिल रहा है जिससे महिलाएं सशक्त हो रही हैं । उक्त बातें आइडिया स्वयं सहायता समूह फेडरेशन की अध्यक्ष प्रेमा वर्मा ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जमुआ प्रखंड के दुम्मा में आइडिया संस्था द्वारा आयोजित एक समारोह में कही । उन्होंने कहा कि बालिकाओं के लिए एम ए तक मुफ्त शिक्षा और रोजगार के हर क्षेत्र में महिलाओं को आरक्षण मिलने से ही महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा । समूह की लीडर पिंकी देवी ने कहा कि महिलाओं को नौकरियों में पचास प्रतिशत आरक्षण मिलने से दहेज प्रथा खत्म हो सकता है । उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए कलंक बना हुआ है और आये दिन लगातार दहेज हत्याएं बढ़ रही है । कंचन देवी ने कहा कि हर प्रखंड में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय की संख्या बढ़ाने की जरूरत है । ताकि ज्यादा से ज्यादा गरीब बालिकाओं को शिक्षा की सुविधा मिल सके ।

शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाए: कांति देवी

कोडरमा। रंग बिरंगे पर्व होली की धूम भारत के हर कौने में मनाई जाती है।इस महान पर्व के अवसर पर नगर पंचायत कोडरमा में भी बड़े ही धूमधाम से शनिवार को कार्यालय परिसर में नप अध्यक्ष कांति देवी के नेतृत्व में मनाया गया।इस मौके पर कांति देवी ने अपने सभी सहयोगियों के साथ ही देश वाशियों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से होली को मनाने की अपील करते हुए कहा कि होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।होलिका दहन के दिन एक पवित्र अग्नि जलाई जाती है जिससे सभी तरह के बुराई, अहंकार और नकारत्मकता को जलाया जाता है।

हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं : सलूजा

वही उपाध्यक्ष कुलवीर सलूजा ने कहा कि होली एक ऐसा रंग बिरंगा त्योहार है जिसे हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं।

होली का रंग हम सभी को आपस मे जोड़ता है : जैसल

वही मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी जितेंद्र कुमार जैसल ने कहा कि होली का रंग हम सभी को आपस मे जोड़ता है और रिस्तो को प्रेम और अपनत्व के रंग भरता है।हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे खूबसूरत रंग होली का त्योहार को माना जाता है।इस होली के शुभ अवसर पर वार्ड पार्षद ज्योति भारती, संतोष कुमार,मोहम्द मिस्टर,मुसर्रत परवीन,सूरज प्रताप यादव,जेई अभिषेक कुमार, हरि सोरेन ,विकास कुमार के अलावे कार्यालय कर्मी गोपाल कुमार सिंह, रूपेंद्र गिरी, रामदेव कुमार साव ,सुरेश राम,मुरारी मनोहर आदि लोगों ने भी जम कर होली के शुभ अवसर पर एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगा कर खुशियों का इजहार किया।

बस की डिक्की में सफ़र करते नजर आए दर्जनों विद्यार्थी

टंडवा: हजारीबाग से बड़कागांव चलने वाली अमन बस की डिक्की में सफ़र करते नजर आए दर्जनों विद्यार्थी। हजारीबाग से बड़कागांव आ रही अमन बस जिसमे पूरी तरह से नंबर भी नहीं लिखी हैं। जिसके ऊपरी छत पर दर्ज़नो से अधिक व खुली डिक्की में दर्जनों विद्यार्थी सवार होकर बड़कागांव पहुंचे। हजारीबाग कि उन्हें खड़े-खड़े ही 26किलोमीटर दूरी का सफर तय करना होता हैं। बावजूद उनसे 35 रुपये प्रत्येक राहगीर से पूरा किराया वसूला जाता हैं। परंतु शनिवार को मानवता को भी शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। अभी इंतिहान का समय चल रहा था और छात्र-छात्राएं अपने कॉलेज से परीक्षा देकर घर पहुंचना था। हजारीबाग से बड़कागांव आने वाली अमन बस में चढ़ने ही वाले थे कि उन्हें बस में सीट नहीं मिली तो छात्रों को कंडक्टर ने उन्हें बस की डिक्की खोल कर दिखाया और कहा कि अगर घर जल्दी पहुंचनी है तो यहां पर बैठ जाओ इससे आप भिंगोगे भी नहीं और घर भी पहुंच जाओगे इतने में मायूस होकर एक-एक कर दर्जनों विद्यार्थियों को बस के डिक्की में बैठा दिया गया। छात्रों को डिक्की में बैठाकर कितनी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित किया जा रहा हैं। वह भी सिर्फ चंद पैसों के लालच में । ना जाने बस संचालक और ड्राइवर को इतनी बड़ी लापरवाही क्यों। बस जैसे ही बड़कागांव पहुंची तो बस कि पिछ्ली डिक्की में बैठे राहगीरों को देखा तो लोग दंग रह गए।वहीं छात्रों से पुछे जाने पर बताया कि बस के सीट में बैठने का बजाय बस की डिक्की में बैठकर क्यों आ रहे है तो बताया कि कंडक्टर ने कहा कि इसके बाद बस नहीं है और बारिश भी होने वाली है। तो हम सब को मजबूरी में बैठना पड़ा।

आरएसएस के होली मिलन समारोह में उड़े अबीर गुलाल

जमुआ गिरीडीह । जमुआ प्रखंड के प्रसिद्ध झारो नदी तट स्थित रमणीक तीर्थस्थल बाबा मुक्तेश्वर धाम में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।लोगों को त्योहार होली में सामाजिक कटुता कम करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर समाज के उन्नयन के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया गया। समारोह में आरएसएस के हजारीबाग विभाग सह कार्यवाह मुकेश रंजन ने कहा कि होली सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत के साथ ही सामाजिक ताने बाने को मजबूत बनाने का त्योहार है। होली पर सभी को बुराइयों से दूर करने व रहने का संकल्प लेना चाहिए। कहा कि संघ समाज में एकजुटता लाने का माध्यम है। तथा संघ के सेवक ने शाखा भी लगाया । तथा अबीर गुलाल एक दूजे को लगाकर व मिठाई खिलाकर होली की हार्दिक बधाईयां दी गई। इस दौरान लोगों ने होली गीतों पर प्रस्तुतियां भी दीं। कार्यक्रम में गिरिडीह खंड कार्यवाह संतोष खत्री, बालगोविन्द यादव ,मनोज हाजरा,अमरेंद्र कुमार सूरज कुमार ,राजेश कुमार ,पवन कुमार ,दिनेश कुमार ,विनय कुमार ,पीयूष यादव आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक उपचार के लिए बनाया जा रहा स्वास्थ्य केंद्र

गावां(गिरिडीह) : गावां प्रखंड के मालदा गांव में मरीजों का प्राथमिक उपचार करने के लिए बनाया जा रहा उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन अब बन कर पूरी तरह से तैयार हो चुका है। बताया गया कि लाखो आबादी वाला यह क्षेत्र के मरीजों के लिए यह उप स्वास्थय केन्द्र रामबाण साबित होगा। मगर विडम्बना यह है कि अभी तक इस नए उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन को चिकित्सा के विभाग को सौंपा नहीं गया है। और नाही इसकी रख रखाव के लिए कोई सुरक्षा गार्ड रखा है जिससे यह चोरों के निशाने पर कभी भी आ सकता है। इतना ही नहीं असामाजिक तत्वों के द्वारा गलत कार्यों में इसकी प्रयोग व क्षति भी पहुंचा जा सकता है। बहरहाल बात जो भी हो ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इसे विभाग के सुपुर्द नहीं किया जाता तब तक सुरक्षा गार्डो द्वारा इसका रख रखाव किया जाना चाहिए।

ओल्ड ऐज होम के बुजुर्गो ने मनाया होली

हजारीबाग: होली का त्योहार आते ही क्या खास और क्या आम हर कोई अपने-अपने तरीके से त्योहार की खुशियों को मनाने में जुट जाता है ऐसे में हजारीबाग के डीपूगढ़ा स्थित ओल्ड एज होम में आज समाज सेवी बंधुओं ने बुजुर्गो के साथ मनाया होली सभी बुजुर्गों के बीच व्हील चेयर,साड़ी,अंग वस्त्र,फल एवं मिठाई का वितरण किया।राकेश गुप्ता ने बताया कि* आज हम सभी बुजुर्गो के बीच फल,मिठाई,अंग वस्त्र का वितरण किया गया होली मे यहां आने से एक अलग ही मन में प्रसन्नता हुई और उन बुजुर्गो के साथ दो वक्त बिताया उन्हें अपने बेटों का एहसास नहीं होने दिया।रितेश खंडलवाल ने बताया कि होली मे यहां आने से सभी बुजुर्गो के बीच एक खुशी का माहौल बन गया साथ ही साथ बुजुर्गो ने आपने दोनों हाथों से होली की भरपुर आशीर्वाद प्रदान की और उन्हें बड़ा ही संतुष्टि मिली कि आज हम होली पर उनके यहां पहुंचे है। मौके परः राकेश गुप्ता, रितेश खण्डेलवाल, हिमांशु राणा,ज्योत्स्ना देवी,शम्पा बाला,स्वाति कुमारी,अतिशय जैन,तनिष्क देव,शिव कुमार, नितेश कुमार,प्रभात कुमार,गुड्डू कुमार,एवं कई लोग उपस्थित थे

होली में चाइनीज रंगों व डीजे से परहेज करें

जमुआ (गिरिडीह): जन सन्गठन जन जन की आवाज़ द्वारा जिलास्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन हीरोडीह में रविवार को सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में जमुआ ,बिरनी,गांवां एवं धनवार व तीसरी प्रखण्ड के सामाजिक कार्यकर्ताओं व राजनीतिक दलों के लोगों ने हिस्सा लिया।होरी खेले रघुबीरा, यमुना तट श्याम खेले होली,अंग से अंग लगाले सजन सरीखे पारंपरिक गीतों से ऐसा शमां बंधा कि बड़े बूढ़े उम्र के दायरे को भूलकर थिरक उठे।कार्याक्रम में प्रवीण पांडेय व राजू दास के संगीत एवं सूरज व धर्मेंद्र यादव की गायकी ने लोगों को विभोर कर दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता व पत्रकार सुधीर द्विवेदी ने किया।कार्यक्रम में धर्मेंद्र यादव,श्री राम विश्वकर्मा,मिंकू गुप्ता,रामकिसुन विश्वकर्मा, रतन पांडेय,लक्ष्मण मण्डल पत्रकार,पवन द्विवेद्वी,संत शरण,रामचन्द्र यादव,बहादुर राम,मो इक़बाल,धनराज वर्मा,नितेश कुमार,सुशील,अमर विश्वास,झारखण्डधाम मंदिर के अध्यक्ष सुभाष पंडा ,मनोज पंडा सहित कई लोग थे।

एक नजर

होली को लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था

हजारीबाग: होली को लेकर हजारीबाग में पुलिस प्रशासन के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई है ।पुलिस प्रशासन ने शहर के विभिन्न मार्गो में फ्लैग मार्च किया है ।होली को देखते हुए हजारीबाग पुलिस ने सभी चौक-चौराहों पर पुलिस के जवानों की तैनाती कर दी है। हजारीबाग मुख्यालय के डीएसपी कमल किशोर ने बताया कि होली को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद है और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार है इसके अलावा सोशल साइट्स पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है ताकि किसी भी तरह का पोस्ट जो आपत्तिजनक है उसे प्राप्त कर कार्रवाई किया जा सके।

रंगो का त्योहार होली की धूम

हजारीबाग: रंगो का त्योहार होली की धूम अब बाजार पर सर चढ़कर बोलने लगा है बाजार में चारों तरफ रंग बिरंगी टोपिया अबीर गुलाल और रंगों के विभिन्न तरह के डिब्बों के अलावा अन्य सामग्रियां भी बिक रहे हैंद्य हिंदू मान्यताओं के अनुसार होली का दिन नव वर्ष कहा जाता है ऐसे में आम लोग होली में नए वस्त्रों को खरीदना नहीं भूलते हैं पूरा बाजार परिधानों से लगा हुआ है और लोग खरीदारी में लगे हुए हैं आम लोगों की माने तो वर्ष भर में यही एक मौका होता है जब लोग जमकर खरीदारी करते हैं और होली के दिन नए वस्त्रों को पहन कर एक दूसरे से मिलते हैं एवं साथ मिलकर खाना पीना करते हैं ऐसे में बगैर पूजा का यह त्योहार हिंदुओं के लिए मौज मस्ती का समय होता हैद्य लोगों को इस मौके का साल भर से इंतजार रहता है इस बार होली में कोरेना वायरस का भी कुछ असर देखने को मिल रहा है लेकिन हर्बल रंग का प्रयोग करे।एक दूसरे को रंग ना लगाए अपने परिवार के सदस्यों के साथ ही होली का मजा ले।

उप विकास आयुक्त ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

कोडरमा। उप विकास आयुक्त आलोक त्रिवेदी के द्वारा ने आज पोषण रथ को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया। बता दे कि पोषण रथ के द्वारा जिले में भर्मण कर पोषण सम्बन्धित सन्देश पहुंचाएगा। वही रथ को रवाना करते हुए श्री त्रिवेदी ने बताया कि

लोगो को पोषण के प्रति जागरूक करने हेतु पूरे भारत वर्ष में 8 मार्च से 22 मार्च तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में कोडरमा जिला प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। अभियान के दौरान झारखण्ड सरकार द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा के दौरान वीभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करके जिला,प्रखंड,पंचायत,गांव स्तरीय कार्यक्रम जैसे कि बच्चों का वजन और लंबाई लेना, समुदाय के साथ बैठक, पोषण,स्वछता रैली, एनीमिया जाँच शिविर, विद्यालय के छात्रों के बीच में पेंटिंग एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन करना है। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू कुमारी, कार्यपालक दंडाधिकारी जय पाल शॉय, सीडीपीओ सतगावां, सभी महिला पर्यवेक्षिका समेत अन्य मौजूद थे।

अवैध महुआ शराब को लेकर छापेमारी

बगोदर/गिरिडीह: बगोदर सरिया एसडीपीओ बिनोद कुमार महतो के नेतृत्व मे रविवार को बगोदर थाना क्षेत्र के खेतको मे अवैध महुआ शराब को लेकर होली त्यौहार को देखते हुए छापेमारी कर भारी मात्रा मे अवैध जावा महुआ व शराब बनाने के उपकरण को नष्ट कर दिया।छापेमारी अभियान मे बगोदर थाना सअनि विजयकांत यादव समेत अन्य पुलिस बल शामिल थे।वही बगोदर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि छापेमारी के लगभग 5 सौ किलो जावा महुआ चार ड्रम एक पानी बडा टंकी सहित कई अन्य सामाग्री को जब्त किया गया है।

होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

बगोदर/गिरिडीह: बगोदर प्रखंड विनोद उच्च विद्यालय औंरा के मैदान अटका व अडवारा मे रविवार को युवा साथी नामक संगठन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें लोगों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिये ।मौके युवा साथी के अध्यक्ष जितेन्द्र महतो जितेन्द्र साव जितेन्द्र भाई प्रयाग महतो रवि मेहता दिनेश महतो रवि मंडल विवेक कुमार समेत दर्जनों युवा शामिल थे ।

चैतन्य स्कूल ऑफ लर्निंग का उद्घाटन सांसद द्वारा किया गया

बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक,सामाजिक क्षेत्र मे बढ़ावा देना : अन्नपूर्णा देवी

डोमचांच (कोडरमा): प्रखंड अंतर्गत रायडीह मोड़ के समीप चैतन्य स्कूल ऑफ लर्निंग विद्यालय का उद्घाटन कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के कर कमलों द्वारा दिन रविवार को किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने होली एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए स्कूल की उज्जवल भविष्य की कामना की उन्होंने स्कूल शिक्षकों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक, सामाजिक, नैतिक एवं संगीत एवं खेलकूद के क्षेत्र मे भी बच्चों को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम मे मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य शांतिप्रिया, डोमचांच प्रमुख सतनारायण यादव, कोडरमा नगर अध्यक्ष कांति देवी, डोमचांच नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, समाजसेवी राजकुमार यादव, बसंत मेहता, भरत नारायण मेहता, शिवलाल सिंह, प्रभाकर लाल रावत, महेंद्र वर्मा, कैलाश यादव, रोहित मेहता, भगवान दास, शिव शंकर राम चंद्रवंशी, महादेव साव, कैलाश यादव, राम लाल यादव, सुबोध यादव, नीरज सिंह आदि लोगों के साथ साथ सैकड़ों ग्रामीण एवं बच्चे बच्चियां उपस्थित थे ।

कार्यक्रम के संचालन रंजीत सिंह एवं कला नृत्य के जाने-माने समाजसेवी बक्शी सिंजन प्रसाद उपस्थित थे।

स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों द्वारा नागपुरिया गाना एवं पुलवामा अटैक पर आधारित मनमोहक कार्यक्रम को बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल निदेशक सुरेंद्र कुमार यादव, प्राचार्य आदित्य कुमार, शिक्षक में विक्की कुमार, रंजन कुमार, विकास कुमार, सुरेंद्र सर, संत जेवियर के डायरेक्टर गौरी शंकर कुमार, दीपक कुमार, राजू दास इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

बोकारो थर्मल: बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत नक्सल प्रभावित आदिवासी बहुल अरमो पंचायत के गंझू टोला में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दो लोगों ने सामूहिक रुप से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया.दुष्कर्म के बाद आरोपियों ने नाबालिग को बेहोशी की हालत में एक गड्ढे में छोड़ दिया.बाद में परिजनों ने नाबालिग को घर लाया.

क्या था मामला-थाना क्षेत्र अंतर्गत अरमो के गंझू टोला की रहनेवाली दसवीं कक्षा की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने बोकारो थर्मल थाना को दिये आवेदन में लिखा था कि 6 मार्च की शाम को वह गंझू टोला स्थित अपने घर से शौच करने के लिए निकली थी.रास्ते में गांव के ही 20 वर्षीय संतोष गंझू तथा 25 वर्षीय भोला नाथ गंझू उससे छेड़खानी करने लगे.

उसके द्वारा विरोध जताने पर दोनों उसे जबरन मुंह दाबकर नदीधार की ओर ले गये.उनलोगों के द्वारा कोई चीज सूंघाने के कारण वह बेहोश हो गयी थी.इधर नाबालिग लड़की के पूरी रात घर नहीं आने पर परिजन 7 मार्च की सुबह उसे खोजने निकले.खोजने के क्रम में लड़की नदी धार किनारे एक गड्ढे में बेहोश मिली.

बाद में होश आने पर लड़की ने परिजनों को सारी बात बतायी.शनिवार की रात्रि परिजन उसे लेकर थाना आये और लड़की के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 25/2020 भादवि की धारा 366,376(डी),सेक्शन 06 पोक्सो अधिनियम के तहत संतोष गंझू एवं भोला नाथ गंझू पर मामला दर्ज कर कांड का अनुसंधानक अवर निरीक्षक केके राय को बनाया गया है.थाना में इंस्पेक्टर के द्वारा पूछे जाने पर भी नाबालिग ने अपने साथ घटित घटना की पुष्टि की.स्थानीय थाना की पुलिस के द्वारा पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए रविवार को भेजा गया है.पीड़िता के साथ दुष्कर्म के आरोपी भोलानाथ गंझू विवाहित एवं दो बच्चों का पिता है.

पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार-थाना के इंस्पेक्टर उमेश कुमार ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस ने छापामारी कर शनिवार की रात्रि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में शामिल दो आरोपियों में से एक 20 वर्षीय मनोज गंझू को गिरफ्तार कर लिया.जबकि मामले में संलिप्त दूसरा आरोपी 25 वर्षीय भोला नाथ गंझू घटना के बाद से फरार है.

पुलिस दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है.

छापामारी में इंस्पेक्टर के अलावा अवर निरीक्षक सुरेश राम,सअनि मनोज कुमार झा,शुकुल कुमार,पीएसआई सुधांशू श्रीवास्तव,मिथुन मंडल जवानों के साथ शामिल थे।

विधायक ने राजू महतो की सुपुत्री के विवाह में पहुंच कर दिए आशीर्वाद

रामगढ: दुलमी प्रखंड के पूर्व जिला पार्षद श्री राजेंद्र महतो उर्फ राजू महतो के सुपुत्री के शादी समारोह में शामिल हुई लोकप्रिय विधायक श्रीमती ममता देवी इस दौरान मौके पर प्रदेश प्रवक्ता शहजादा अनवर, विधायक प्रतिनिधि अमित महतो, कांग्रेस नेत्री सह पूर्व प्रतियाशी ज़ोया परवीन, जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला प्रवक्ता मुकेश यादों, कांग्रेस वरिये नेता लालबिहारी महतो, जिला अध्यक्ष (अलप) ज़काउल्लाह, कांग्रेस यूनियन के जिला उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, मनोझ पूजैर, सहजाद खान, कमलेश कुमार महतो, गौरी शंकर, उदय पांडेय, सहित कई उपस्थित हुए और राजू महतो की सुपुत्री को आशीर्वाद दिए। मौके पर उपस्थीत विधायक ने राजू महतो के सुपुत्री को आशीर्वाद दिए। साथ ही उनके भविष्य के लिए शुभकामना भी दिए। इस दौरान रामगढ़ जिला के कई जाने माने नेताओं ने शादी समारोह में पहुंच कर राजू महतो की सुपुत्री को आशीर्वाद दिया। मौके पर राजू, अख्तर आज़ाद, राजेन्द्र चौधरी, बहादुर, संतोष, शंकर, रवि महतो, सैफ अनवर, मिना कुमारी, सोनू, आशुतोष, सहित कई उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

कोडरमा: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं के बीच ज्ञान महिला समिति के संस्थापक विनोद जायसवाल एवं आजसू पार्टी के नगर सचिव नीरज मंडल के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आवाज बुलंद की गई एवं इस मौके पर एक गरीब बच्ची की शादी में सहयोग किया गया एवं उन्होंने भरोसा विश्वास दिलाया कि आगे भी महिलाओं के हर सुख दुख में हमेशा साथ देने का काम करेंगे और महिलाओं को आगे तक ले जाने के लिए जो भी सहयोग बन पड़ेगा वह करेंगे ।

नीरज मंडल ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से वार्ड नंबर 5 में इस बार मेरी धर्मपत्नी रानी प्रियंका को मौका मिला तो महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र ब्यूटीशियन और भी उन को रोजगार देने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया ।

पब्लिक पैलेस में शराब पीने को लेकर पुलिस ने की छापेमारी

बोकारो: बोकारो मे होली को देखते हुए अवैध शराब के साथ साथ पब्लिक पैलेस मे शराब पिने के मामले मे लगातार छापेमारी कि जा रही है। जिससे अवैध शराब के कारोबारी के साथ साथ सर्वाजनिक जगह पर शराब पिकर हुडदंग करनेवालो मे हडकम्प मचा हुआ है।

बोकारो मे अवैध शराब के साथ साथ पब्लीक पैलेस मे शराब पिने को लेकर पुलिस और एक्साईज विभाग कि टीम ने कि छापेमारी। मौके से 30 लीटर शराब को पुलिस और एक्साईज विभाग ने किया जब्त। साथ ही एक दर्जन को किगया गया गिरफ्तार। बोकारो के दून्दीबाग,कोऑपरेटिव मोड़ पर चली छापेमारी मौके पर षराब पी रहे षराबियो को पुलिस ने लिया हिरासत मे।

छापेमारी में चास सीओ,उत्पाद विभाग, व सिटी पुलिस ने एक साथ मिलकर किया। दो दर्जन से अधिक दुकानों, होटलों की ली गई तलाशी। दुकानों की हुई घेराबंदी, कई पियक्कड़ भागने में रहे सफल। गिरफ्तार लोगो को पुलिस ने उत्पाद विभाग को सौंपी, इस सबो से वसूले जाएंगे जुर्माना

सीओ ने कहा पियकडो पर होगी विधिसम्मत करवाई साथ ही सभी से जुर्माना वसूला जायेगा। उन्होने कहा कि पब्लीक पैलेस मे न पिये जिनको भी पिना हो घर जाकर पिये।

विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

पेटरवार। पेटरवार प्रखंड कार्यालय के निकट बहुउद्देशीय भवन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन बीडीओ इंदर कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। मौके पर उपस्थित प्रखण्डकर्मी एवं जनप्रतिनिधियों ने अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सेवानिर्वित पंचायतीराज पदाधिकारी मानु घोष को सम्मानित किया गया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि सरकारी व्यवस्था में यह कटु सत्य है कि एक दिन सेवा निर्वित होना है। उन्होंने कहा कि श्रीमती घोष ने महिला सशक्तिकरण हो या पंचायत का विकास अपने दोनों ही पदों का निर्वाहन पूरी ईमानदारी व कर्मठता के साथ पूरी की है निशनदेह प्रशंसनीय बताते हुए शुभकामनाएं दी गयी।

कार्यक्रम को प्रमुख सीमा देवी, बीसीओ बबलू यादव, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी धर्मरक्षित विद्यार्थी, गुलाम रसूल, मुखिया अजय कुमार सिंह, फुलेश्वरी देवी, रानी कुमारी मुर्मू, उषा प्रभात आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर रोजगार सेवक, पंचायत सेवक मौजूद थे।

अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पे विचार गोष्ठी सह जागरूकता रैली का आयोजन

पाँकी,: नेहरू युवा केंद्र पांकी के द्वारा आज पांकी स्थित मजदूर किसान महाविद्यालय में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पे विचार गोष्ठी सह जागरूकता रैली का आयोजन किया गया ।

सर्वप्रथम पांकी जिला परिषद सदस्या लवली गुप्ता जी पांकी थाना के पुलिस निरिक्षिक प्रमोद रंजन मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रेमचंद्र महतो झारखण्ड़ राज्य ग्रामीण बैंक के लेखापाल सुश्री पूजा कुमारी नेहरू युवा केंद्र के अक्षय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद सभी अतिथियों ने युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की चित्र पे पुष्प अर्जित किया। तत्वपछात सभी अतिथियों को शॉल और पुस्तक देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रेमचंद महतो ने की वही संचलान एनएसएस के डॉक्टर दिलीप राम और एन एस एस के संचलान आलोक पाठक ने किया। मौके पे मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रेमचंद्र महतो ने कहा कि महिला दिवस हरेक दिन ही महिला दिन हैं आज के समय मे महिलाओं को छात्राओ को शास्त्र साथ साथ शस्त्र का प्रिशिक्षण लेना चाहिए। वही मौके पे पुलिस निरिक्षिक प्रमोद रंजन ने कहा कि समाज मे 2 4 लोगों के चलते है आज समाज मे इस तरह का गन्दगी फैला हुआ हैं उसे साफ करने की आवश्कयता हैं समाज मे बुद्धिजीवी के चुप रहने से ही असमाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता हैं वही मौके पे जिला परिषद सदस्या श्रीमती लवली गुप्ता ने कहा आज समाज मे महिलाओं को बहुत से यातनाएं झेलने को मिलते हैं। आज समाज मे महिलाएं शिक्षित हो रही हैं। जब तक शिक्षा में संस्कार नही होगा तब तक ये कृतियों बन्द नही होगी। आज समाज मे महिलाओं के साथ बलात्कार, दहेज प्रथा, छेड़-छाड़ जैसे घटनाएं हो रही है तो ये समाज के ही लोग हैं जिनके वजह से समाज मे इस तरह का दुष्प्रभाव फैल रहा हैं मौके पे नेहरू युवा केन्द्र के आयोजक अक्षय कुमार ने कहा कि आज की समय मे बेटी और बेटा में फर्क कहा आज सभी क्षेत्रों में बेटियां कहि न कहि हरेक क्षेत्र में आगे है चाहे वो कल्पना चावला हो सरोजिनी नायडू हो खेल के क्षेत्र में मेरीकॉम रीता फोगाट मिताली राज शेफाली वर्मा जैसे लोग उदाहरण पे मौजूद हैं । आज के बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नही है चाहे हो सिविल सर्विसेस के क्षेत्र में हो चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो ये आज कहि किसी से कम नही हैं । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संकटेश्वर सिंह,उपेन्द्र गुप्ता जी, अनूप गुप्ता , निखिल, नवनीत, अखिलेश्वर ठाकुर ,राहुल, लव , अविनाश , आदर्श पाठक, कुंदन, पुरुषोत्तम, अजय सपना,समेत, छात्राओं मौजूद थे।

आजसू छात्र संघ ने मनाया होली मिलन समारोह

कोडरमा: आजसू छात्र संघ ने गोला में होली मिलन समारोह आयोजित की ।समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रभारी राजेश कुमार महतो व विशिष्ट अतिथि विभावि वरीय देवा महतो सचिव सुबिन तिवारी ,अमित कुमार दास उपाध्यक्ष अनुराग भारद्वाज मनोज कुमार उपस्थित हुए ।

सभा की अध्यक्षता विभावि उपाध्यक्ष कुमार अभिषेक व संचालन कुंदन कुमार ने किया मिलन समारोह में शामिल छात्र संघ सदस्यों ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभावि प्रभारी राजेश कुमार महतो ने कहा कि रंगोत्सव होली भाई चारे सौहार्द का त्यौहार है इस दिन लोग स्वयं की बुराईयां को दूर कर अच्छाई की ओर अग्रसर होते हैं ।

लोग आपसी वैमनस्य को भूलकर मित्रता और भाईचारा कायम करते हैं मिलन समारोह में सभी रंगो से सराबोर दिखें एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शांति सदभाव के मार्ग पर चलनें का शपथ लिया ।

होली मिलन समारोह में उपस्थित लोगो का उत्साह देखते ही बनता था समाहरोह में मुख्य रुप से सलाउद्दीन अंसारी,उत्तम रजवार ,नीतीश खन्ना ,रविन्द्र कुमार,शुभाष महतो,कुंदन कुमार ,कुलदीप कुमार,बिजली महतो,रंजीत महतो,टेकलाल महतो,बिशु रजवार ,बिकी कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह

रामगढ: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर साथ ही होली मिलन समारोह रामगढ़ के पटेल छात्रावास में आजसू महिला संघ की तरफ से मिलन समारोह रखा गया जिसमें मैं प्रदेश सचिव अर्चना महतो ने सभी महिलाओं के साथ मिलकर महिला दिवस को धूमधाम से मनाया और होली भी हमने खूब धूमधाम से मनाई हमारे साथ आशा जी लाजवंती जी आराधना अनुपमा मंजू मंजू लता सोना मति दीदी ललिता सिंधु जी रीना जी अनीता जी ललिता जी सुनीता दी विभा जी रीता जी पिन दीदी किरण दी सभी महिलाएं मिलजुल कर खूब मजे किए।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने होली मिलन समारोह आयोजित किया

कोडरमा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ, जिला इकाई कोडरमा ने सत्यदेव प्रसाद के निवास दूधीमाटी में जिला अध्यक्ष शिव शंकर रजक एवं जिला महासचिव रविकांत रवि की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह मनाई गई।होली की धुन की शुरूआत जिला संगठन सचिव सुभाष चन्द्र ने किया उनके बाद प्रखंड अध्यक्ष कोडरमा अजीत कुमार आजाद ने की।उसके बाद फिर देखना क्या सभी लोगों ने होली के धून में रम गए। उसके बाद जिला अध्यक्ष एवं जिला महासचिव हारमोनियम एवं ढोलक की आवाज पर थिरकने लगे।होली काफी धूम-धाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर राजेंद्र कुमार ,माधव कुमार,प्रदीप कुमार प्रसाद,संजय सुमन,राजकिशोर दास,रामचंद्र ठाकुर,विजय कुमार,विजय ठाकुर ,सत्यदेव प्रसाद,विनोद गुप्ता,उदय सिंह,संजीव कुमार मिश्र,शिवशंकर मोदी,उमेश कुमार सिन्हा,मिथिलेश कुमार,विशवजीत कुमार,सूर्यदेव कुमार,मनोज वाजपेयी, रंजन कुमार एवं अन्य सभी शिक्षक उपस्थित थे।

निशुल्क ब्यूटीशन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

कोडरमा: अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर सभी साथियों को ढेर सारी बधाइयां निशुल्क ब्यूटीशन प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन श्रीमती मधु गुप्ता द्वारा किया गया उन्होंने कहा कि बच्चियां एवं महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने यही मेरा प्रयास रहता है निरंतर महिलाओं और बच्चियों के हित के लिए कार्य करना मुझे बहुत अच्छा लगता है उनके मान-सम्मान सम्मान उनके अधिकार के लिए मेरा जीवन समर्पित रहा है मेरा यही लक्ष्य है प्रशिक्षण प्राप्त करने रेखा अनीता जूली आरती संगीता देवी अंजू कुमारी प्रिया देवंती सुहाना रूबी आकांक्षा शिखा दुर्गा शशि गायत्री साक्षी नमिता शोभा रूबी रुहाना परवीन नेहा रोशनी विनीता सुहाना काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

कोडरमा: जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में नेहरू युवा केंद्र कोडरमा के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक मुकेश कुमार द्वारा पंचायत भवन फुलवरिया में राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन रविंद्र कुमार मेहता रामकृष्ण मेहता फातिमा अंसारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया मौके पर प्रिया मेहता ने महिला के अधिकार महिला प्रताड़ना महिला शोषण भ्रूण हत्या पर अपना विचार रखे वहीं कंचन मेहता ने कही की नारी समाज का दर्पण है नारी अबला नहीं सबला माना जाना चाहिए सामाजिक कार्यकर्ता फातिमा अंसारी ने कहीं की महिला आज चार दीवार में कैद नहीं है महिला पुरुष की भांति कार्य कर समाज देश का नाम रोशन कर रही है वहीं मुख्य अतिथि रामकृष्ण मेहता ने ने कहा कि महिला आज के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है वह पुरुषों के साथ कंधों से कंधे मिलाकर चल रही है जिससे अपने परिवार में खुशियां ला रही है मौके पर राजन कुमार मेहता गुड़िया देवी रेखा देवी पूजा देवी लक्ष्मी कुमारी सहित सैकड़ों महिला मौजूद थे

'मया के रंगम मन ला बिभोर ले, अपन अंचरा म मोर गांठ जोर ले, अंचरा के सब्बो रंगो मिटा जाही, गांठ में थोरिक मदरस ला घोर ले।'

रंगों की आंखमिचौली, खुशियों की आई टोली पकवानों की आई थैली, अपनों के संग खेलो होली

रंगों से सजी होली

[illegible]

अपनेपन की होली

[illegible]

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तू जिंदगी को जी

[illegible]

मिलना अनाथ होली में

[illegible]

आशा धारी । क्या आसमान नीला है?



[illegible]

दर्द दिल का दबाते रहे अक्सर

[illegible]

कुछ कुंठित मानसिकता के पुरुषों को

[illegible]

जिन्दगी तेरे कई रंग

[illegible]

आज भोर ने मन में कुछ गुनगुनाया



[illegible]

चले आओ न फिर जाना



[illegible]

थोड़े खाकर क्या मिले, सौदा होता



[illegible]

QUIZ TIME

[illegible]

आज का इतिहास

नई दिल्ली (एजेंसी)। [illegible]

नव प्रदेश

एसआईटी का हिस्सा बनकर प्रशिक्षु दारोगा श्वेता ने दिखाई बहादुरी

धनबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर धनबाद जिले के सरायढेला थाना में तैनात प्रशिक्षु महिला दरोगा श्वेता कुमारी को एसएसपी किशोर कौशल ने सम्मानित किया । श्वेता कुमारी ने एसआईटी टीम का हिस्सा बनकर 6 बाइक चोर अपराधियों एवं 11 बाइक को जब्त करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी बात को लेकर एसएसपी के द्वारा प्रशिक्षु दरोगा को सम्मानित किया गया।

सम्मानित होने के बाद श्वेता ने बताया कि उसके पिता शिक्षक है और माँ हाउसवाइफ है पहली सफलता में उसने पुलिस विभाग में दारोगा बनने का सपना साकार किया उसकी दिली तमन्ना थी कि वह कुछ ऐसा कार्य करें कि वरीय अधिकारियों से सम्मान मिल सके और आज उसका सपना पूरा हुआ।

धनबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, छह मोटरसाईल लिफ्टरों की हुई गिरफ्तारी,चोरी गयी 11 बाइक भी जब्त

धनबाद। धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता उस वक्त वक्त मिली जब पुलिस ने 6 मोटरसाइकिल लिफ्टरो को पकड़ने में सफलता हासिल की साथ हीं 11 चोरी किए गए बाइक्स को जब्त करने में पुलिस को सफलता मिली।

रविवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि पिछ्ले कुछ महीनों से धनबाद जिले में बड़ी संख्या में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं घटित हुई थी। जिसके बाद उन्होंने पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए सिटी एसपी के नेतृत्व में एक स्ढ्ढञ्ज का गठन किया था एसआईटी ने पूरे मामले में अनुसंधान करते हुए कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में सरफराज अंसारी जामतारा ,राजा कुमार धनबाद, दिवाकर ठाकुर धनबाद,राजा ठाकुर देवघर और संजय मंडल टुंडी धनबाद के रहने वाले लोगों को गिरफ्तार किया और उनके पास से कुल 11 बाइक्स जब्त किए गए जो अलग-अलग समय में चोरी गई चली गई थी।

धनबाद पुलिस की ओर से एसएसपी ने नवयुवकों से आग्रह किया है कि वो अपने प्रोफेशन के तौर पर बाइक चोरी जैसी संगीन अपराध को कतई नहीं चुने क्योंकि छोटी मोटी घटना नहीं बल्कि उस शख्स के लिए बहुत बड़ी परेशानी की सबब होती है जिसकी बाइक चोरी होती है साथ ही इस तरह का अपराध उसे और बड़े अपराध करने पर मजबूर कर देता है।

सामाजिक विकास एवं महिला प्राथमिकता के विषय पर गोष्ठी का आयोजन

कोडरमा। अखिल भारतीय झारखंड राज्य महिला समाज कोडरमा के द्वारा काको पंचायत भवन मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सहिया दीदी शोभा देवी की अध्यक्षता में सामाजिक विकास एवं महिला प्राथमिकता के विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के देश में आधा घंटा में एक महिला बलात्कार, एक बच्ची का भ्रूण हत्या, 100 महिला में 80त्न अंधविश्वास का शिकार होती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा व विधानसभा में 50त्न महिला आरक्षण बिल पारित करने की आवश्यकता है। अगर पारित नहीं होता है तो देश के सभी महिलाओं को सड़क पर उतरने की जरूरत है।वही गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि झारखंड में लाखों रसोईया ?40 में प्रतिदिन काम करती है जिन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिलती है सहिया दीदी भी दमन की शिकार है। उनको भी दैनिक मजदूरी नहीं मिलती है जो गांव में घूम घूम कर टीका लगवाने की काम करती है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उप प्रमुख वीरेंद्र यादव ने कहा कि जिले में सैकड़ों सेविका सहायिका न्यूनतम मजदूरी से कम में काम कर रही है इनको सरकारी करण करने की आवश्यकता है।वही उन्होंने कहा कि निर्वाचन का काम बहुत टफ है वैसे कार्य को भी बखूबी निभाती है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कलावती देवी ने कहीं की महिलाओं को संगठित होकर आरक्षण बिल पारित कराने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है।वही दूसरी ओर प्रकाश चंद्र राय एवं कैलाश रजक ने कहा कि आज भी महिलाएं दमन की शिकार है इनको आगे बढ़ाने की आवश्यकता है गोष्ठी को गुंजा देवी बस मतिया देवी रीना देवी कलावती देवी शीला देवी ने भी संबोधित किया गोष्ठी में मीना देवी इंद्रावती देवी ललिता देवी रिंकू देवी देवंती देवी शांति देवी सरस्वती देवी काजल देवी कुमकुम देवी गायत्री देवी चमेली देवी का विलास देवी सुनीता देवी आरती देवी जसोदा देवी विष्णो देवी सुकरी देवी आदि सैकड़ों महिलाओं मौजूद थी।

खुद के नाम से पहचान बनाएं, किसी के नाम पहचान से हटकर इतिहास बनाएं: मंत्री

बोकारो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्याय सदन बोकारो में आयोजित कार्यक्रम से बोकारो जिला के लिए, बोकारो की धरती पर सुख समृद्धि, विश्वास एवं विकास, शांति, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे कई क्षेत्र में बेहतर कार्य कर मिशाल स्थापित करने वाली सैकडों महिलाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत महिलाओं के चेहरे बयां कर रही थी कि उन्हें उनके मेहनत का फल मिला। सबसे अधिक उत्साह उन महिलाओं में थी जो देख कर प्रोत्साहन कर रही थी कि अब मैं और भी बढ़िया कार्य कर सम्मान के लिए, समाज विकास के लिए आगे बढूंगी। इस अवसर पर माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, माननीय मंत्री श्री बादल पत्रलेख की गरिमामय उपस्थिति, उपायुक्त श्री मुकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री पी मुरुगन, उप विकास आयुक्त श्री रवि रंजन मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री शशि प्रकाश सिंह का मार्गदर्शन ने तो महिलाओं को एक नई दिशा दी ताकि वे अपने अपने क्षेत्र में उमंग से प्रेरणादायक कार्य करती रहे।

माँ है जननी, माँ ही सागर, माँ से बड़ा कोई नही।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्याय सदन बोकारो में आयोजित कार्यक्रम से माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने अपने संबोधन में नारी की परिभाषा एवं शक्ति, प्यार, सहनशीलता की सागर माँ को चरण स्पर्श कर बताया कि माँ ने जन्म दिया तभी तो समाज, संसार आगे बढ़ा। माँ के चरणों मे पूजा अर्चना जरूरी है। नारी ही परिवार एवं समाज को सहनशीलता से आगे बढ़ाया, समानता की लड़ाई लड़ती रही। जरूरत है अपने सोच, लक्ष्य की प्राप्ति को आगे बढ़ते रहें। चुनौती को स्वीकार कर आत्मविश्वास से आगे बढ़ते रहें।

सुख दुःख में जो साथ रहे वही तो है नारी।

माननीय मंत्री श्री बादल पत्रलेख ने अपने संबोधन में कहा कि एक जहां माता पिता की संपत्ति बांटने या लेने के लिए मजबूर करता है तो बेटी सुख दुःख में सहभागी बनती है। आप सभी नारी एक मिसाल स्थापित करें। देश के सर्वोच्च सम्मान, गणमान्य सम्मान के लिए आगे बढ़े। आपके कार्य ही आपको विकास की ओर उन्मुख करेगा, शिक्षा से ही सोच बदलेगी, परिवार, समाज आगे बढ़ेगा।

खुद के नाम से पहचान बनाएं, किसी के नाम पहचान से हटकर इतिहास बनाएं।

उपायुक्त श्री मुकेश कुमार ने बताया कि समाज मे कहावत है कि उदाहरण बनना है तो पड़ोसी के बच्चे, रिस्तेदारों के बच्चे, चर्चित चेहरे जैसा मुकाम हासिल करो। आज की नारी को अपनी सोच से, अपनी मेहनत से खुद की पहचान बनानी है। किसी के नाम या कार्य पर सोचने की आवश्यकता ही नहीं है। विरासत बचाना ही नही अपितु मजबूती देने की आवश्यकता है। सरकार नारी उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। योजनाओं का लाभ लें, अपने को घर के अंदर तक सीमित न करें। उपायुक्त ने नारी के सम्मान में कविता कह कर सवाल भी पूछा कि नारी पुरुष के लिए सभी श्रृंगार धारण करती है पर नारी है क्या इसे सोचने की जरूरत है।

आज के समय मे नारी को पुरुष जैसा नही बल्कि पुरुषों को नारी समान उपलब्धि हासिल करनी चाहिए। नई उड़ान भरें, आत्मविश्वास से आगे ब झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अंतर्गत निबंधित लाभुकों को धोती, साड़ी, शर्ट पैंट कपड़ा देने हेतु बोकारो में शुभारंभ। श्रम अधीक्षक हरेंद्र सिंह ने लाभुकों के बीच बंटवाया साड़ी।

3472 सखी मंडलो को क्रेडिट लिंकेज की राशि कुल उनचास करोड़ तीस लाख रुपये का चेक माननीय मंत्री द्वारा दिया गया।

शारदा आजीविका सखी मंडल, बाँसगोड़ा को दो लाख का क्रेडिट लिंकेज दिया गया।

मुख्यमंत्री सुकन्या योजना आयुष्मान भारत योजना कार्ड वितरित किया गया।

एक दिव्यांग को ट्राइ साइकल दिया गया।

चौबीस घंटे का हरी कीर्तन पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न

बेरमो। फुसरो नप क्षेत्र के सुभाष नगर स्थित श्री महाकालेश्वर शिव मंदिर में चौबीस घंटे का अखंड हरी कीर्तन का विधिवत पूजा एवं पूर्णाहुति के साथ पुजारी संतोष मिश्रा ने ससम्पन्न कराया. वहीं फुसरो, ढोरी, करगली, तीन नंबर, पुराना सुभाष नगर, जवाहर नगर आदि जगहों से आये कीर्तन मंडलियों ने एक से बढ़कर एक धुनों से हरे राम हरे कृष्ण का गुणगान कर पुरे क्षेत्र को भक्ति मय बना दिया. इस दौरान सामूहिक भोग प्रसाद का वितरण किया गया. मौके पर महाकालेश्वर शिव मंदिर कमिटी के रमाकांत सिंह, संतोष सिंह, सोनू दुबे, नितेश सिंह, सोनू सिंह, मुन्ना उपाध्याय, कुंदन सिंह, बहादुर सिंह, शुभम दुबे, अभिषेक सिंह, सुमन कुमार, रवि ठाकुर, मोनू ठाकुर आदि का सहयोग रहा।

राष्ट्रीय महिला दिवस के पर रैली निकाली गयी

पेटरवार। ज्ञान विज्ञान समिति पेटरवार की ओर से अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक रैली निकाली गयी। रैली में जिला अपर समाहर्ता विजय कुमार गुप्ता एवं एसडीओ प्रेमरंजन एवं बीडीओ इंदर कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। रैली प्रखंड कार्यालय के परिसर से निकाली गयी जो विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए सदमाकला पंचायत भवन में एक सभा मे तब्दील हो गयी। मौके पर प्रमुख सीमा देवी ने कहा कि समाज मे फैली कुप्रथाओ को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास से ही संभव है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश सहगल ने कहा कि जबतक महिलाओं को सशक्तिकरण नही होगा, तबतक एक सुदृढ़ व सशक्त समाज की कल्पना नही की जा सकती है। कार्यक्रम को मुमताज अंसारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, मुकेश कुमार महतो, सुनीता देवी आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर सुदर्शन महतो, परमेश्वर महतो, मालती देवी, विंदु देवी, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

कम राशन देने पर लाभुकों ने किया हंगामा, विधायक से शिकायत

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सगालीम गांव के डीलर रामलखन साव पर कार्ड धारियों ने कम राशन देने का आरोप लगाया है। दर्जनों लाभुकों ने डीलर द्वारा कम राशन देने पर जमकर हंगामा किया। लाभुकों ने मामले की शिकायत विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता से की। जहां विधायक ने डीलर को बुलाकर निर्धारित मूल्य पर उचित राशन-किराशन वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी। ग्रामीण आनंद कुमार समेत कई लाभुकों ने बताया कि डीलर पांच किलो प्रति कार्ड धारी लाभुक को साढ़े चार किलो राशन वितरण कर रहा है। मिट्टी तेल डेढ़ लीटर के जगह एक लीटर दे रहा है। वह भी निर्धारित मूल्य से साढ़े आठ रुपए अधिक पैसा लेता है। इसका विरोध करने पर डीलर व उनके पुत्र लाभुकों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए राशन कार्ड से नाम कटवा देने की धमकी देते हैं। ग्रामीणों ने विधायक से डीलर पर सख्त कार्रवाई की मांग किया है। वहीं विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा डीलर रामलखन साव के खिलाफ शिकायत मिली है। डीलर को निर्देश दिया गया है कि वे लाभुकों को निर्धारित मूल्य पर उचित राशन - किरासन का वितरण करे। यदि डीलर लाभुकों को निर्धारित मूल्य पर उचित राशन नहीं देते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। वहीं डीलर राम लखन साव ने बताया कि वे जिस तरह चारों तरफ राशन - किरासन लाभुकों को दिया जा रहा है उसी तरह यहां भी वितरण कर रहे हैं।

किसान विकास मंच के बैठक सह होली मिलन समारोह

जैनामोड। प्रजापति धर्मशाला जैनामोड़ में किसान विकास मंच की बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंच के कार्यकारी अध्यक्ष लखु चन्द्र महतो ने किया। जिसमें जरीडीह प्रखंड के सतरो पंचायत के किसान शामिल हुए। किसानों के मूलभूत समस्या पर चर्चा करते हुए सभी किसान ने कृषि योग्य भूमी में रसीद निर्गत नहीं होने की बात को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से आगामी जरीडीह प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार के चिट्ठी क्या आलोक में अगर गैर मजरुवा जमीन का रसीद नहीं काटा गया। तो सरकार के उक्त कार्यक्रम का बहिष्कार करते हैं, आंदोलन शुरू किया जाएगा। वही बैठक के किसानों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर खुशियां बाटें।

महिलाओ के न्याय व अधिकार के लिए विशेष कानून बनाया गया है: बैद्यनाथ

जैनामोड। झालसा के आदेश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो के निर्देश पर रविवार को राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर स्थायी ग्राम विधिक देखरेख एवं सहायता केन्द्र की ओर से अरालडीह पंचायत के सभा कक्ष में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विधिक सलाहकार बैधनाथ शर्मा व पीएलवी निलु कुमारी प्रियदर्शी सहित महिलाऐ शामिल हुई। श्री शर्मा ने महिला दिवस के अवसर पर महिलाओ से संबंधित अधिकार तथा महिलाओ के लिए न्याय के लिए बनाये गये विशेष कानूनी बातो से महिलाओ को अवगत कराया गया। श्री शर्मा ने भरण- पोषण, महिला प्रताड़ना, डायन प्रथा आदि पर विस्तृत जानकारी दिये। शिविर में चपला देवी, लक्ष्मी देवी, देवन्ती देवी, भारती देवी, लक्ष्मी देवी,शांति देवी, गेंदा देवी, सरिता देवी, कुंती देवी, रीना देवी, प्रभा देवी, चरण महतो आदि शामिल थे।

भुखल की मौत के बाद कसमार में प्रशासनिक हलचलें तेज

बोकारो। बचपन में ही उसका नाम भुखल रख दिया गया था, तब किसी ने नहीं सोचा होगा कि उसकी मौत भूख से हो जायेगी। नक्सल प्रभावित कसमार प्रखंड के सिहंपुर पंचायत के रहनेवाले 42 वर्षीय भुखल की मौत झारखंड में राजनीति को हवा देने लगी हैं। इधर इस मौत के बाद हरकत में आया प्रशासन विकास की गंगा बहा देने का वायदा कर लापैट आया है। पर इस मामले ने अब गहराना शुरू कर दिया है। राज्य सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख ने मामले को बेहद गंभीरता से लेकर जांच कराने व दोषी को किसी भी सूरत में नहीं बख्शने का ऐलान कर दिया है।

कसमार प्रखंड के सिहपुर पंचायत के निवासी भुखल की मौत सस्ते में न तो सरकार का पिंड छोड़ने जा रही और ना ही प्रशासन को राहत देने जा रही। उसकी मौत से भूख कुपोषण व अभाव का सवाल उठा है और यह सरकार के लिए चिन्ता बढ़ानेवाली बात है। हा हलाकि प्रशासन ने अपनी जांच कर उसकी मौत को बीमारी पर लाकर टिका दिया है। मगर उसकी मौत का दिया जानेवाला यह कारण सरकार के मंत्री सहजता से नहीं पचा पा रहे। बोकारो दौरे पर आए राज्य के कृषि, सहकारिता व पशुपालन मंत्री बादल पत्रलेख को जब इस मामले की जानकारी लगी तो इसे बेहद गंभीरता से लिया और फिर मामले की जांच कराने व इस मामले में ठोस फैसला लेने का ऐलान कर दिया। बादल पत्रलेख, मंत्री झारखंड सरकार।

भुखल की मौत के बाद कसमार में प्रशासनिक हलचलें तेज हो गयीं हैं। प्रशासन के लोग जहां मलहम लगाने में जुट गए हैं, वहीं राजनीतिक दलों ने भी अपनी गतिविधियां तेज कर दी है। घटना के बाद प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के निर्देश पर सिंहपुर गए बोकारो के विधायक ने साफ साफ तौर पर श्रधुवर सरकार व हेमंत सरकार का फर्क बता दिया और मौत को भूख से हुई बताकर यह संकेत दे दिया कि अगले सत्र में मामला सदन का भी होगा और इस मामले को लेकर सरकार को घेरने का काम होगा। विधायक ने यह साफ कर दिया कि अनाज के अभाव में मौत नहीं हो इसकी व्यवस्था उनकी सरकार ने किया था। पर इस सरकार में क्या कुछ हो रहा है, वह भुखल की भूख से हुई अफसोसजनक मौत से स्पष्ट हो गया है।

बिरंची नारायण, भाजपा विधायक, बोकारो।

प्रशासन नकारता है कि भूख से मौत हुई है। लेकिन इस सच को स्वीकारता है कि उसने आवेदन दिया था पर उसका राशनकार्ड नहीं बन सका। अब प्रशासन का आपूर्ति महकमा के हाकिम इसके लिए स्थानीय मुखिया को कटघरे में खड़ा कर रहे है। उनकी मानें तो उसका आवेदन हजारों आवेदन में सिटम में ही फंसा रह गया था और उनके संज्ञान में उसका यह मामला नहीं आ सका। लेकिन जब सवाल उठता है और उनसे पूछा जाता है तो हाकिम हाथ खडें कर लेते हैं और प्लीज कहकर खिसक निकलते है।

भोंगेन्द्र ठाकुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बोकारो।

भुखल की मौत ने व्यवस्था पर सवाल उठाया है। प्रशासनिक व सरकारी कवायदें तेज हो गयीं हैं। सभी ओर से ठोस व कठोर काररवाई का आश्वासन दिया जा रहा है। अब देखना होगा कि यह आश्वासन कितना असर दिखाता है या फिर यह मौत भी पूर्व की कई हंगामेदार मौतों की तरह शांत पड़ जाती है।

इनरव्हील क्लब ऑफ युवा ने पेट्रोल पंप में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया

हजारीबाग। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ युवा ने पेट्रोल पंप में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया। बता दें कि कार्यरत महिलाओं को क्लब के सदस्यों ने शॉल ओढ़ाकर वह मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। पुनीत कौर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष हम लोग महिला दिवस के दिन महिलाओं को सम्मानित करते हैं। कार्यक्रम में ेपुनीत कौर ,सोमा अग्रवाल, रीना गुप्ता ,मीता अग्रवाल समेत कई सदस्य उपस्थित थी।

एक नजर

झरिया थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंश फेंक कर माहौल बिगाड़ने का किया कोशिश

धनबाद। झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित विश्व हिंदू परिषद कार्यालय के समीप रविवार की सुबह असामाजिक तत्वों द्वारा गोवंश फेक कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जिसे लेकर स्थानीय बहुसंख्यक समुदाय और विश्व हिंदू परिषद के नेता व कार्यकर्ता काफी आक्रोशित हो गए। आक्रोशित लोगों ने कतरास मोड़ पर टायर जलाकर इसका विरोध किया। सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग कतरास मोड़ कार्यालय पर जमा होकर नारेबाजी किया। मौके पर झरिया थाना प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि झरिया में आपसी सौहार्द का एक उदाहरण है, जिसे कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। असामाजिक तत्व को उनके मंसूबे में हम कभी कामयाब नहीं होने देंगे। जल्द से जल्द ऐसे असामाजिक तत्वों को खोज कर निकाला जाएगा। वहीं विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रमेश पांडेय ने कहा कि पिछ्ले 2 सप्ताह से यहां हनुमान चालीसा का पाठ हो रहा था । जहां भोग के लिए प्रसाद बनता है उस चुल्हे के समीप गोवंश फेक कर हमारे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाया गया है। 24 घंटे का अल्टीमेटम हैं जिला प्रशासन को। जल्द से जल्द उन तत्वों को खोज कर निकाले। अन्यथा हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

धनबाद रेल मंडल ने काफी भव्य तरीके से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

धनबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर धनबाद रेल मंडल ने काफी भव्य तरीके से महिला दिवस का आयोजन किया। जिसके तहत डीआरएम अनिल कुमार मिश्रा के निर्देश पर धनबाद सिंदरी सवारी गाड़ी को महिला पायलट और महिला गार्ड ने ट्रेन को संभाला। मौके पर ट्रेन की कमान को संभालने वाली गार्ड अलविना मरांडी ने बताया उन्हे काफी अच्छा महसूस हो रहा है और वह आज महिला दिवस के मौके पर धनबाद सिंदरी सवारी गाड़ी को लेकर रवाना हो रही है।

जिला स्वास्थ्य विभाग ने कुपोषण के खिलाफ रविवार को निकाली जागरूकता रैली

धनबाद। जिला स्वास्थ्य विभाग ने कुपोषण के खिलाफ रविवार को जागरूकता रैली निकाली। रैली लुबी सर्कुलर रोड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से निकलकर सदर अस्पताल तक गई। रैली में स्वास्थ्य कर्मी समेत सहिया और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता भी सक्रिय दिखे।

रैली में चिकित्सक डॉ आलोक वर्मा ने बताया कि देश में काफी बच्चे कुपोषण का शिकार होते हैं। जिसका परिणाम उनके स्वास्थ्य पर पड़ता है। ऐसे लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य विभाग कुपोषण जागरूकता पखवाड़ा का आयोजन किया है। होलिका दहन के मौके पर स्वास्थ्य विभाग कुपोषण दहन का आयोजन करेगी, ताकि समाज में अभिभावकों के बीच बच्चों के कुपोषण के प्रति जागरूकता आवे।

वर्ल्ड वोमेन्स डे के मौके पर बंगाली कल्याण समिति के महिलाओं ने किया पैदल मार्च

धनबाद। वर्ल्ड वोमेन्स डे के मौके पर बंगाली कल्याण समिति के बैनर तले महिलाओं ने रविवार को पैदल मार्च किया। जेसी मल्लिक रोड स्थित कार्यालय से जुलूस की शक्ल में बंगाली महिलाओं का समूह निकलकर हटिया मोड, रणधीर वर्मा चौक होते हुए रेलवे स्टेशन तक गया।रास्ते मे मिलनेवाली कामकाजी महिला, स्कूली छात्रा सहित अन्य महिलाओं के बीच गुलाब वितरित कर उनके जज्बे को प्रोत्साहित किया। पैदल मार्च में मधुमिता विस्वास, संगीता गांगुली, रूमा घोष, सोमा डे समेत दर्जनों महिलाएं शामिल थी।

होली के मौके पर गांव जा रहे एक परिवार को अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने कुचला

धनबाद। होली के मौके पर अपने गांव जा रहे हैं एक परिवार को अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने कुचल डाला । राजगंज के मुख्य मार्ग पर रविवार के सुबह हुई घटना में 45 वर्षीय कैरी देवी नामक महिला की मौत हो गई । जबकि घटना में 5 वर्षीय आदित्य गंभीर रूप से घायल बताया जाता है। लोगों का कहना है कि एक अज्ञात वाहन चालक धक्का मारते हुए फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने महिला और बच्चे को आनन-फानन में पीएमसीएच इलाज के लिए भेजा। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया । वही बच्चे को गंभीर बताते हुए उसका इलाज शुरू कर दिया है । परिजनों का कहना है कि वह लोग राजगंज के ईट भट्ठे में मजदूर हैं। होली के मौके पर उनका परिवार घर जा रहा था , इस दौरान घटना घट गई।

कोयलांचल धनबाद में चारों ओर होली की खुमारी जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन

धनबाद। कोयलांचल धनबाद में चारों ओर होली की खुमारी में लोग डूब चुके हैं जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। लोग जमकर मस्ती कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात की इस बार होली मिलन समारोह में सभी जगहों पर लोगों ने केमिकल युक्त रंग और अबीर- गुलाल का उपयोग न करने की सलाह दी है। और फूलों की होली खेले जाने पर जोर दिया गया है।

इसी कड़ी में आज धनबाद के बेकार बांध में पतंजलि योग समिति की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।पतंजलि योग समिति के लोगों ने बताया कि वह प्रतिदिन यहां पर योगा करने के लिए पहुंचते हैं और सभी मिलकर काफी संख्या में योग करते हैं। होली को देखते हुए आज होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने धनबाद वासियों से अपील की है कि केमिकल युक्त रंगों का उपयोग ना करें हर्बल अबीर गुलाल से ही होली खेलने का प्रयास करें और ज्यादा से ज्यादा अगर संभव हो तो फूलों की होली खेले क्योंकि फूलों से ज्यादा शुद्ध कोई चीज नहीं होता। पतंजलि योग समिति के सदस्यों ने पूरे धनबाद वासियों सहित झारखंड वासियों को होली की शुभकामनाएं भी दी।

बंगाली समाज ने बेकार बांध राजेंद्र स्वरूप सरोवर पार्क में दोल उत्सव के तहत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन

धनबाद। बंगाली समाज ने बेकार बांध राजेंद्र स्वरूप सरोवर पार्क में दोल उत्सव के तहत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का रविवार को आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने भाग लिया। कार्यक्रम में बंगाली महिलाओं ने होली के उत्साह में गीत संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमे एक दूसरे के साथ रंग-अबीर, गुलाल खेलकर खुशी जाहिर की। इस दौरान भारी संख्या में बंगाली समाज की महिलाओं ने मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल को भी रंग गुलाल लगाया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धनबाद रेल मंडल की कमान रविवार को पूरी तरह महिलाओं को सौंप दी गई

धनबाद। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर धनबाद रेल मंडल की कमान रविवार को पूरी तरह महिलाओं को सौंप दी गई। जिसके तहत धनबाद रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर, रिजर्वेशन काउंटर, इंक्वायरी समेत सभी विभागों में आज महिलाओं के हाथ में कमान है। इस दौरान ड्यूटी पर तैनात महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। एक ओर रेलवे में कार्यरत महिलाएं जहां अपने को गौरवान्वित महसूस कर रही हैं, वहीं अंतरराष्ट्रीय विश्व महिला दिवस को वह पूरी तरह इंजॉय भी कर रही है। मालूम हो कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर धनबाद रेल मंडल प्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने पूर्व में निर्देश जारी कर दिया था कि महिला दिवस के मौके पर रेलवे का धनबाद मंडल

पत्नी ने डॉक्टर, बेटी ने टॉपर बन मेजर को दी श्रद्धांजलि

मुशहरी के शेरपुर निवासी डॉक्टर रश्मि प्रिया तब सिर्फ 23 साल की थीं, जब उनके पति मेजर मुकेश कुमार शहीद हो गए। मेजर मुकेश श्रीलंका भेजी गई भारतीय शांति सेना का हिस्सा थे। 24 सितंबर 1997 को लिट्टे उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में वह वीरगति को प्राप्त हुए।

रश्मि कहती हैं कि मैं उन दिनों आर्मी स्कूल में टीचर थी। पति की शहादत की खबर आते ही मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। मुझे लगा उनके (मेजर मुकेश) बिना जिंदगी कैसे कटेगी, लेकिन दो साल की बेटी विदिशा के लिए खुद को संभालना जरूरी था। उसे सुनहरा भविष्य देने के लिए मैंने पढ़-लिखकर डॉक्टर बनने की ठानी। हालांकि कुछ रिश्तेदारों ने मुझे रोका भी। वे यही कहते हैं कि एमएससी कर चुकी हो। फिर मेडिकल की पढ़ाई की क्या जरूरत है? अब अपनी बेटी पर ध्यान दो। उसे पढ़ाओ-लिखाओ, डॉक्टर बनाओ।' हालांकि मैंने उनकी नहीं, अपने दिल की सुनी।'

बकौल रश्मि, मैं बचपन से ही डॉक्टर बनने के सपने देखती थी, लेकिन एक फौजी से शादी के बाद मेडिकल की पढ़ाई आसान नहीं थी। पति का बार-बार तबादला होने के चलते किसी एक शहर में टिकना ही नहीं हो पाता था। इस बीच, घरवालों ने आर्मी स्कूल में पढ़ाने का सुझाव दिया। मुझे भी लगा कि डॉक्टर बनना तो शायद किस्मत में लिखा नहीं है, लेकिन टीचर के रूप में औरों को तो मेडिकल की पढ़ाई के लिए प्रेरित कर सकती हूं। मैंने टीचर की नौकरी स्वीकार कर ली। सबकुछ एकदम ठीक चल रहा था, तभी 24 सितंबर 1997 की रात पति की शहादत की मनहूस खबर लेकर आई। मैं पूरी तरह से टूट गई। लोगों से मिलना-जुलना तो दूर, बोलना भी कम हो गया।'

रश्मि कहती हैं कि 'मेरे पिता प्रोफेसर यूपी ठाकुर से मेरी यह हालत देखी नहीं जा रही थी। उन्हें लगा कि पति को खोने का गम मुझे अंदर ही अंदर खाता चला जाएगा। इससे विदिशा की परवरिश पर भी असर पड़ेगा। वह मुझे समझाने लगे कि मैं एक बहादुर फौजी की पत्नी हूं। मेरा इस तरह से बिखर जाना ठीक नहीं है। उनके सहयोग से धीरे-धीरे मेरे अंदर की हिम्मत दोबारा उठ खड़ी हुई। मैंने डॉक्टर बनने का अपना सपना दोबारा जीने का निर्णय लिया और मेडिकल की तैयारी में दिन-रात एक कर दिए। अगले ही साल मुझे मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल गया। वर्षों की मेहनत के बाद हाथ में जब डिग्री आई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा।'

डॉक्टर रश्मि अभी पूर्वी चंपारण के एक अस्पताल में तैनात हैं। उनके मुताबिक पिता के सहयोग से वह न सिर्फ मेडिकल की पढ़ाई पूरी कर पाईं, बल्कि बेटी विदिशा को नेकदिल व होनहार भी बना सकीं। विदिशा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से जूलॉजी ऑनर्स की टॉपर हैं। विगत दिनों दीक्षांत समारोह में पहुंचे बिहार के तत्कालीन राज्यपाल लालजी टंडन ने विदिशा को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। विदिशा ने कहा कि मुझे जो मेडल मिला है, वो मेरे पापा के प्रति मेरी सच्ची श्रद्धांजलि है।

महिलाओं को सम्मान देने, प्रशंसा करने और उनकी मजबूत छवि दिखाने का दिन

इतिहास के मुताबिक पहली बार वर्ष 1909 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया था, लेकिन इस समय इसे मनाने के पीछे एक खास मकसद रहा। दरअसल साल 1908 में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर की कुल 15 हजार महिलाओं ने वोटिंग करने की अपनी मांग के चलते एक मोर्चा निकाला था। वे चाहती थीं कि जिस तरह से पुरुषों को अपने देश की सरकार चुनने के लिए हक मुहैया कराया गया है, ठीक इसी प्रकार उन्हें भी सरकार चुनने के लिए हक दिया जाए।

जर्मनी की इन महिलाओं का यह मोर्चा सफल रहा और ठीक एक साल बाद जब अमेरिका में सोशलिस्ट सरकार बनी तो उन्होंने वर्ष 1909 में 28 फरवरी का एक दिन महिलाओं को समर्पित करते हुए महिला दिवस के रूप में मनाया। ठीक एक साल बाद जर्मनी में क्लारा जेटकिन ने साल में एक दिन को महिला दिवस के रूप में समर्पित करने का सुझाव रखा।

उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं के सम्मान और उनके अधिकारों को याद करने के लिए एक ऐसा दिन तय करना चाहिए, जब हम उनके हक में आवाज उठा सकें। इसके बाद एक कॉन्फ्रेंस में 17 देशों की जानी मानी 100 महिलाओं ने इस मुद्दे पर अपनी सहमति जताई और आखिरकार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की स्थापना हुई।

ऐसे हुई आठ मार्च की तारीख फाइनल

19 मार्च 1911 को पहली बार कुल तीन देशों - डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। दो साल बाद वर्ष 1913 में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में तय कर देने का फैसला किया गया। तब से अब तक इस दिन को महिलाओं के सम्मान, उनके हक और उनके पक्ष में आवाज उठाने के रूप में मनाया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल आठ मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं को सम्मान देने, उनकी प्रशंसा करने और दुनिया को उनकी मजबूत छवि दिखाने के मकसद से मनाया जाता है। इंटरनेशनल वुमन्स डे हर साल एक खास थीम को ध्यान में रखकर मनाया जाता है, जो महिलाओं के सम्मान और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने वाली होती है। आपको जानकार हैरानी होगी कि इंटरनेशनल वुमन्स डे पहली बार आठ मार्च को नहीं मनाया गया था। सबसे पहले इसे एक अलग तारीख को मनाया गया था, लेकिन बाद में महिलाओं के सम्मान के लिए एक तारीख तय करने के मकसद से ही इसे हर साल आठ मार्च को मनाया जाने लगा।

क्या है घरेलू हिंसा अधिनियम ?

घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 भारत की संसद द्वारा पारित एक अधिनियम है, जिसका उद्देश्य घरेलू हिंसा से महिलाओं को बचाना है। यह अधिनियम 26 अक्टूबर 2006 को लागू हुआ था।

जानिए घरेलू हिंसा क्या है

शारीरिक पीड़ा, अपहानि या जीवन या अंग या स्वास्थ्य को खतरा या लैगिंग दुर्व्यवहार अर्थात महिला की गरिमा का उल्लंघन, अपमान या तिरस्कार करना या अतिक्रमण करना या मौखिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार अर्थात अपमान, उपहास, गाली देना या आर्थिक दुर्व्यवहार अर्थात आर्थिक या वित्तीय संसाधनों, जिसकी वह हकदार है, से वंचित करना, मानसिक रूप से परेशान करना ये सभी घरेलू हिंसा कहलाते हैं।

यह है अधिनियम

घरेलू हिंसा अधिनियम महिला बाल विकास द्वारा ही संचालित किया जाता है। महिला बाल विकास के अधिकारी घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं की शिकायत सुनते हैं और पूरी जांच पड़ताल करने के बाद प्रकरण को कोर्ट भेजा जाता है। ऐसी महिलाओं के लिए है, जो घर के अंदर होने वाली किसी किस्म की हिंसा से पीड़ित हैं। इसमें अपशब्द कहे जाने, किसी प्रकार की रोक-टोक करने और मारपीट करना आदि प्रताड़ना के प्रकार शामिल हैं। इस अधिनियम के तहत मां, भाभी, बहन, पत्नी एवं महिलाओं के हर रूप और किशोरियों से संबंधित प्रकरणों को शामिल किया जाता है। घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत प्रताड़ित महिला किसी भी वयस्क पुरुष को अभियोजित कर सकती है, अर्थात उसके विरुद्ध प्रकरण दर्ज करा सकती है।

कौन करा सकता है शिकायत दर्ज?

घरेलु हिंसा के मामले में कौन पीड़ित खुद शिकायत कर सकती है। अगर आप पीड़ित नहीं हैं तो भी आप संरक्षण अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसे किसी कारण से लगता है कि घरेलू हिंसा की कोई घटना घटित हुई है या हो रही है या जिसे ऐसा अंदेशा भी है कि ऐसी घटना घटित हो सकती है, वह संरक्षण अधिकारी को सूचित कर सकता है। यदि आपने सद्भावना में यह काम किया है तो जानकारी की पुष्टि न होने पर भी आपके खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। सुरक्षा अधिकारी के अलावा पीड़ित सेवा प्रदाता से भी संपर्क कर सकती है, सेवा प्रदाता फिर शिकायत दर्ज कर घरेलू हिंसा घटना रिपोर्ट बनाकर मजिस्ट्रेट और संरक्षण अधिकारी को सूचित करता है।

आप ही हैं परिवार की जान, इन चार बीमारियों से रहें सावधान

घर हो या ऑफिस, आज हर जगह महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हर क्षेत्र में उनकी अहम भूमिका, उनके साहस और त्याग के लिए हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के चलते महिलाओं का स्वस्थ रहना भी बेहद जरूरी है। यहां हम बता रहे हैं उन बीमारियों के बारे में जिनसे महिलाओं को हमेशा सावधान रहना चाहिए। महिलाओं में गर्भावस्था की समस्याएं, मीनापोज, ओवरियन और ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी हम सुनते रहते हैं, लेकिन कई बार कुछ बीमारियां गंभीर स्थिति खड़ी कर सकती हैं। यहां जानें इन्ही कुछ बीमारियों के बारे में जिन्हें महिलाओं को कभी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और उनसे हमेशा सचेत रहना चाहिए।

1. पीसीओएस

यह एक हार्मोनल डिसोर्डर है। अचानक वजन बढ़ना, मुंहासे और गंजापन इसके लक्षण हैं। इससे ग्रस्त करीब 5 से 10 फीसदी महिलाओं को पीओसी के कारण मधुमेह, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और बांझपन का खतरा हो जाता है। इसके चलते गर्भधारण करने में दिक्कत आती है।

2. फ्रोजन शोल्डर

इसमें कंधों के आसपास के कैप्सूल यानी संयुक्त कोशिकाओं में दर्द होता है। यह समस्या पुरुषों की तुलना में महिलाओं में ज्यादा होती है। आमतौर पर यह समस्या 40 से 65 साल की उम्र के लोगों में अधिक देखने को मिलती है।

3. फाईब्रोमायलगिया

यह एक क्रानिक डिसॉर्डर है। इसके लक्षण अर्थरइटिस की तरह होते हैं। हालांकि इन दोनों ही बीमारियों के बीच बहुत अंतर है। इन दोनों बीमारियों के बीच सबसे बड़ा फर्क यह है कि फाईब्रोमायलगिया में किसी भी तरह से जोड़ों में सूजन की शिकायत नहीं होती। इस बीमारियों के लक्षणों में सुबह के समय जकड़न महसूस होना, थकान और भारीपन महसूस होना है।

4. ल्यूपस

इसे सिस्टमिक ल्यूपस एरिथमेटोसस भी कहा जाता है। ये इम्यून सिस्टम में खराबी आने से होती है। इससे ग्रस्त होने पर बुखार, चेस्ट पेन, जोड़ों में दर्द, जकड़न और त्वचा में घाव जैसी समस्याएं आती हैं। इसके चलते जोड़ों से लेकर त्वचा, किडनी, रक्त कोशिकाओं, दिमाग, हृदय और फेफड़ों तक पर असर पड़ता है। खान-पान का ख्याल रखा जाए तो इसे नियंत्रित भी किया जा सकता है।

अपनी मां, बहन, पत्नी और दोस्तों को भेजें ये एसएमएस और विश

आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। ये दिन महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा, प्यार को दिखाने और उनके त्याग व जज्बे को सलाम करने का अवसर है। इस दिन आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में काम कर रही महिलाओं को खास सम्मान दिया जाता है। आप भी नीचे दिए गए एसएमएस, मैसेज, कोट्स के जरिए उस महिला को हेप्पी वुमन्स डे कह सकते हैं, जिसकी बदौलत आप आज यहां हैं और खुश हैं।

दिन की रोशनी ख्वाब बनाने मे गुजर गई,
रात की नींद बच्चे को सुलाने मे गुजर गई,
जिस घर मे मेरे नाम की तख्ती भी नहीं,
सारी उमर उस घर को सजाने मे गुजर गई।
Happy Women's Day

जिसने हमेशा त्याग किया
जिसने हमेशा दूसरों के लिए जिया
फिर क्यों उसको धिक्कार दो
उसे जीने का अधिकार दो
Happy Women's Day

मुस्कुराकर, दर्द भूलकर
रिश्तों में बंद थी दुनिया सारी
हर पग को रोशन करने वाली
वो शक्ति है एक नारी
Happy Women's Day

औरत का इस दुनिया में मान है
औरत एक बहन है
एक बेटी है, एक पत्नी है
औरत के बिना यह जहांन कुछ भी नहीं है
Happy Women's Day

सबका ध्यान रखती हो...
सबका दर्द बांटती हो...

ईंटों के मकान को घर बनाती हो...
मैं तुम जितना मजबूत किसी को नहीं देखा
Happy Women's Day

जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं तब सिर्फ एक आदमी शिक्षित होता है
लेकिन जब आप एक स्त्री को शिक्षित करते हैं तब एक पीढ़ी शिक्षित होती है।



महिलाओं को मिले बराबरी का मौका

मेरे लिए बराबरी का मतलब है, एक जैसा और हाई-प्रोफाइल भूमिका निभाने के लिए बराबरी का मौका मिलना। लंबे समय से महिलाओं को पीछे रखा गया और पुरुषों को ही फिल्में चलाने की जिम्मेदारी सौंपी जाती रही है, लेकिन हाल में हमने कई महिला-केंद्रित विषय देखें हैं और कई ऐसी फिल्में हैं जिसकी पूरी जिम्मेदारी महिला एक्टर्स ने अपने कंधों पर उठायी है। मैं दिल से चाहती हूं कि यह चलन यूं ही जारी रहे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया है।

■ **सौम्या टंडन**
एंडटीवी के शो भाबीजी घर पर हैं की कलाकार

ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी समस्याएं

हालांकि जब हम बराबरी की बात करते हैं तो शहरी क्षेत्रों में चीजें ज्यादा बेहतर हैं, क्योंकि लोग ज्यादा पढ़े-लिखे होते हैं और बेहतर जानकारी रखते हैं। इसकी वजह से विभिन्न मुद्दों को लेकर उनका नजरिया बदल जाता है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी समस्याएं जस की तस है। उन महिलाओं को ज्यादा विरोध का सामना करना पड़ता है, जो कि बाहर जाकर काम करना चाहती हैं या फिर इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में काम करना चाहती हैं।

■ **कामना पाठक**
एंडटीवी के हप्पू की उलटन पलटन की कलाकार

काम के आधार पर मिला मेहनताना

एक एक्टर के तौर पर मेरे लिए बराबरी का मतलब है, एक महिला और पुरुष कलाकार के बीच के भेद को मिटाना और उन्हें वही सम्मान और अधिकार देना, जिसकी वह हकदार है। हमारी इंडस्ट्री में, पैसे के मामले में वह मूल फर्क नजर आता है, जब समाज में पुरुष वर्चस्व के कारण पुरुष ज्यादा पैसे ले जाते हैं। एक्टर्स को उनके काम के आधार पर पैसे देना चाहिए, इस आधार पर नहीं कि समाज कितने पैसे तय करता है।

■ **तन्वी डोगरा**
एंडटीवी के शो 'संतोषी मां सुनाये व्रत कथायें' की कलाकार

महिला व पुरुषों में भेदभाव बड़ी चिंता

महिला और पुरुषों में भेदभाव सबसे बड़ी चिंता है, जिसका सामना वर्षों से महिलाओं को करना पड़ रहा है और यह आज भी मौजूद है। मुझे यह खुशी हुई कि सरकार ने इस फर्क को मिटाने काफी कुछ किया है और यह इस बात से समझा जा सकता है कि जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, स्थिति दिनोंदिन बेहतर होती जा रही है। महिलाओं ने बार-बार इस बात को साबित किया है कि वह काफी सक्षम हैं व हर क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल सकती हैं।

■ **सारिका बहरोलिया**
'गुड़िया हमारी सभी पे भारी' की कलाकार

एपिक चैनल आज मनाएगा महिला दिवस

एपिक चैनल महिला दिवस के मौके पर रविवार को एक स्पेशल प्रोग्राम प्रसारित करेगा, ऐसे कई धारावाहिक जो महिला सशक्तिकरण पर रोशनी डालेंगे। इनमें साहस और प्रेरणादायक भारतीय महिलाओं की अद्भुत कहानियां हैं, जिन्होंने राजनीति, खेल, सशस्त्रबलों और विज्ञान आदि के क्षेत्र में असाधारण भूमिका निभाई है। रविवार को सुबह 11.30 बजे से चैनल उम्मीद इंडिया पेहली रूपा बुटीक और कई और शो प्रसारित करेगा।

क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग अपने पहले टीवी शो उम्मीद इंडिया पर विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, दुतीचंद, अनुरानी और अयोनिका पॉल के जीवन पर एपिसोड दिखाएंगे।

भारतीय महिलाओं के लिए टैक्स बचाने के चार तरीके

आज राष्ट्र निर्माण में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। महिलाओं के सम्मान को सलाम व उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने दुनिया भर में 8 मार्च का दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर हम कामकाजी महिलाओं को कुछ ऐसे टिप्स बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर वह सैलरी में कट रहा टैक्स बचा सकती हैं।

वर्तमान समय में मध्यम वर्ग की कामकाजी महिलाएं अपनी तनख्वाह में से टैक्स की कटौती को लेकर चिंतित रहती हैं, लेकिन अब उन्हें इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं क्योंकि कुछ ऐसे तरीके हैं, जिनके जरिए वे अपना टैक्स बचा सकती हैं। इस संबंध में लाइफ इंश्योरेंस से जुड़े विशेषज्ञों ने कुछ उपाय सुझाव हैं, जो इस प्रकार हैं

1. बीमा के तहत टैक्स कटौती का विकल्प

हालांकि बीमा एक सुरक्षा साधन है, लेकिन टैक्स बचाने के लिए यह कभी भी प्राथमिक साधन नहीं रहा है, लेकिन फिर भी यह जीवन बीमा के अंतर्गत धारा 80सी एवं 10 (10डी) के तहत और स्वास्थ्य बीमा में 80डी के तहत टैक्स छूट प्रदान करता है।

2. यूलिप

नई पीढ़ी के यूलिप के प्रचलन में आने और युवाओं के बीच सबसे पसंदीदा निवेश विकल्प होने के साथ ही यह धारा 80सी के तहत टैक्स छूट भी प्रदान करते हैं। लगभग बिना किसी प्रीमियम आवंटन शुल्क और पॉलिसी एडमिनिस्ट्रेशन शुल्क के साथ, यूलिप्स एक कम लागत वाला निवेश उत्पाद है। आईआरडीएआई ने फंड मैनेजमेंट शुल्क की उच्चतम सीमा 1.35 फीसदी तय की है, ऐसे में इसके सभी प्रोडक्ट में यह दर 1 से 1.35 प्रतिशत के बीच है। इसमें आपके निवेश का एक भाग जीवन बीमा के लिए जाता है, वहीं अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए दूसरा भाग मार्केट में निवेश कर दिया जाता है। इसकी कई अन्य विशेषताएं भी हैं जैसे विभिन्न फंड्स के बीच निःशुल्क अदला-बदली, मृत्यु पर प्रीमियम से मुक्ति, आय लाभ और लॉयल्टी एडिशन इत्यादि।

3. पीपीएफ

पब्लिक प्रोविडेंट फंड एक सबसे लोकप्रिय और विश्वसनीय लंबी अवधि निवेश और टैक्स बचत योजनाओं में से एक है। पीपीएफ पर ब्याज की दर सरकार द्वारा निधारित की जाती है और इसकी लॉक-इन अवधि 15 वर्ष है, इसलिए यह निवेशक को कर-मुक्त लाभ प्रदान करता है। अन्य विकल्पों में बाजार से जुड़े उत्पादों में निवेश शामिल हैं, ये अपने अलग जोखिम के साथ आते हैं लेकिन अच्छे रिटर्न भी देते हैं।

4. बीमा का चयन करना

नौकरीपेशा महिलाओं के लिए टैक्स बचत के विकल्पों की योजना बनाते समय, 80डी एक ऐसा सबसे महत्वपूर्ण सेक्शन है, जिस पर अवश्य ध्यान दिया जाना चाहिए। यह प्रति वर्ष 25,000 रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम का भुगतान करने पर कर योग्य आय में कटौती की सुविधा प्रदान करता है। स्वास्थ्य बीमा प्रत्येक व्यक्ति और खासतौर पर वेतनभोगी महिलाओं के लिए एक बुनियादी जरूरत है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा के लिए प्रीमियम का भुगतान करने से न केवल आपको बीमा कवर मिलता है, बल्कि कई सारे टैक्स लाभ भी मिलते हैं।

कोरोना वायरस आपातकाल का फायदा उठाने वालों के खिलाफ फेसबुक, इंस्टा सख्त

ओरियर इंडस्ट्रीज ने पेश किया रिंकल-फ्री कलेक्शन



तेल पर असर

तेल निर्यातक समूह उत्पादन में कटौती के लिए रूस को राजी करने में विफल

कोरोना से क्रूड पस्त, जून 2017 के बाद निचले स्तर पर ब्रेंट

पेट्रोल, डीजल के दाम में लगातार तीसरे दिन मिली राहत

विदेशों में नरमी के रुख के बीच स्थानीय तेल तिलहन बाजार में भी नरमी

साझा ने ऑटोएक्सपो किया निरस्त

एवरेस्ट 'सुपर कलर' भारत में छतों के परिदृश्य को बदल रहा

सोना 270 रुपये लुढ़का चांदी 350 रुपये चमकी

कोरोना: यात्रा की तारीख बदलने पर शुल्क नहीं लेगी इंडिगो

आज का भविष्यफल

सु-डोकू

शब्द सामर्थ्य

भावना कंठ और बीना देवी को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

पटना। बिहार एक बार फिर गौरवान्वित हुआ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक नहीं, बल्कि दो महिलाओं को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सम्मानति किया। देश में वायुसेना की पहली महिला पायलेट भावना कंठ व मशरूम महिला के नाम से फेमस बीना देवी को रविवार को नारी शक्ति पुरस्कार से नवाजा गया। बिहार की दो-दो बेटियों के पुरस्कृत होने से यहां के लोग काफी खुश हैं तथा उन्हें बधाई दी जा रही है। बता दें कि भावना कंठ दरभंगा की तो बीना देवी मुंगेर की हैं। बिहार की दोनों बेटियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवाद किया और उन्हें बधाई दी।

165 लोग इस बारे में बात कर रहे हैं

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आज दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर देश की 16 महिलाओं को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया। इनमें बिहार की दो बेटियां भी शामिल हैं। वायुसेना की महिला पायलट भावना कंठ और मशरूम महिला के नाम से फेमस बीना देवी को यह सम्मान मिला। खास बात कि इनके सम्मान के बारे में राष्ट्रपति ने ट्वीट भी किया है। नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित बनी देवी महिला किसान है और मशरूम की खेती के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम किया है। मशरूम की खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए ही बीना देवी को ये पुरुस्कार प्रदान किया गया। इतना ही नहीं, बीना देवी पांच साल के टेटियाबंबर ब्लॉक की धौरी पंचायत की सरपंच भी रही थीं।

नारी शक्ति पुरसकार से सम्मानित बीना देवी से उनकी सफलता की कहानी खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जानी। संवाद के क्रम में बीना देवी ने कहा कि उन्हें मशरूम की खेती बढ़ाने में कितनी परेशानियां उठानी पड़ीं। उन्होंने कहा कि लोन लेने के लिए हम पटना पहुंच गए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली। तब हमने अपना जेवर बेच दिया। भागलपुर के सबौर कृषि विश्वविद्यालय में हमें नवाजा भी गया था।

उधर, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भारतीय वायुसेना की पहली महिला फाइटर पायलट मोहना जीतवाल, अवनी चतुर्वेदी और भावना कंठ को भी नारी शक्ति पुरस्कार दिया। इनमें भावना कंठ बिहार के दरभंगा की रहनेवाली हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद के दौरान महिला पायलट भावना कंठ ने कहा कि हम मीडिल क्लास फैमिली से आते हैं। ऐसे फैमिली बैंकग्राउंड से आते हैं, जहां फौज के बारे में बहुत जानकारी भी नहीं थी। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में कुछ करना है तो उड़ना ही बेस्ट ऑप्शन है।

दो महिलाओं को बोलेरो ने कुचला

मोतिहारी। बिहार में नहीं थम रही है मौत की रफ्तार। एक बार फिर दो महिलाओं की मौत बिहार के मोतिहारी में हो गई। दोनों को तेज रफ्तार से जा रहे वाहन बोलेरो ने कुचल डाला। घटना सुगौली थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में रविवार को हुई। बोलेरो की ठोकर से एक महिला की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि दूसरी की मौत अस्पताल में हुई। बता दें कि 24 घंटा पहले ही मुजफ्फरपुर में दो वाहनों की जबर्दस्त भिड़ंत में 12 लोगों की जान चली गई थी, जबकि भागलपुर में भी चार लोगों की मौत उसी समय हो गई थी।

इधर, दोनों महिलाओं को धक्का मारने वाले बोलेरो को प्रत्यक्षदर्शियों ने दौड़कर पकड़ लिया, मगर वाहन के चालक फरार होने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। साथ ही घटना के खिलाफ हंगामा कर रहे लोगों को फौरन समझाकर शांत करा दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की दक्षिणी श्रीपुर पंचायत के रामपुर में भटहां-रुलही मार्ग पर तीव्र गति से आ रही बोलेरो ने दो महिलाओं को रविवार को ठोकर मार दी, जिससे एक महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला को इलाज के लिए पीएचसी ले जाने के क्रम में मौत हो गई। मृतकों की पहचान श्रीपुर रामपुर निवासी बुनीलाल मांझी की पत्नी श्रीमुनि देवी व वीरेश सिंह की पत्नी सावित्री देवी के रूप में की गई है। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना को देख वहां दौड़कर पहुंचे और बोलेरो को घेर लिया। मुखिया इम्तियाज हक ने थानाध्यक्ष रोहित को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने लोगों को समझा-बुझा कर शांत कराया।

होटल कारोबारी की गोली मारकर हत्या



पटना। जमीन विवाद के चलते होटल कारोबारी के पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पटना के एसके पुरी थाना क्षेत्र के विवेकानंद मार्ग की है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आशंका है कि शार्प शूटरों से हत्या कराई गई है। मृतक का नाम सकल देव सिंह (70) है और वे मूल रूप से दानापुर के रहने वाले थे। सकल देव सिंह रविवार को सब्जी लाने बाजार गए थे। दोपहर करीब बारह बजे घर लौटने के दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। सकल देव के सीने में तीन गोली लगी। स्थानीय लोग उन्हें निजी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सकल देव का एक बेटा सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जो अमेरिका में रहता है और दूसरा बेटा पटना में होटल कारोबारी है। सकल देव रिटायर्ड पोस्टल कर्मी थे और विवेकानंद मार्ग में अपने छोटे बेटे और बहू के साथ रहते थे। सिटी एसपी अमरकेश डी का कहना है कि दानापुर के चांदमारी में जमीन को लेकर सकल देव का कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। इसी के चलते अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। घटनास्थल से दो खोखा बरामद किया गया है। परिजनों के बयान पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और अपराधियों की तलाश के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दो अपराधी डिस्कवर बाइक से आए थे। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल में जुटी है।

तेज प्रताप ने जदयू और भाजपा के नेताओं को बताया भूत, कहा-

शंख फूंक दिया है सब भाग जाएंगे

हाजीपुर। लालू यादव के बड़े बेटे और राजद नेता तेज प्रताप यादव ने शुक्रवार को वैशाली जिले के जंदाहा में जनसभा की। मंच पर आते ही उन्होंने सबसे पहले शंख बजाया। इसके बाद सत्ताधारी दल जदयू और भाजपा के नेताओं की तुलना भूत से की। उन्होंने कहा कि मैंने शंख बजा दिया है इससे सब भूत भाग जाएंगे। मैं गांव-गांव जाकर शंख बजा रहा हूं और घर-घर से सरकार का भूत भगा रहा हूं।

पिता ही नहीं मेरे गुरु भी हैं लालू यादव : तेजप्रताप

तेज प्रताप ने कहा कि केंद्र की भाजपा की सरकार को चीर देंगे। हम किसी से डरने वाले नहीं है। राजद सुप्रीमो लालू यादव मेरे पिता होने के साथ ही राजनीतिक गुरु भी हैं। इन्होंने ही मुझे राजनीति करने की सीख दी है। बिहार में बेरोजगारों की संख्या काफी ब? गई है। शिक्षा का हालबेहाल है। केंद्र की सरकार एनआरसी कानून के तहत समाज एवं देश को बांटने की कोशिश कर रही है। किसानों एवं महिलाओं तक सरकारी सुविधा नहीं पहुंच पा रही है।

नीतीश सरकार में हुए 55 घोटाले

तेज प्रताप ने कहा- लालू यादव ने राज्य में काफी संख्या में शिक्षक एवं पुलिस की बहाली कराई थी, लेकिन नीतीश सरकार शिक्षक पर दमन करने पर तुली हुई है। उन्होंने हड़ताली शिक्षकों की मांग को जायज बताया। कहा कि बिहार सरकार जनता का विकास नहीं, बल्कि सर्वनाश करने पर तुली हुई है। राजद सुप्रीमो को साजिश के तहत मुकदमा में फंसाकर जेल भेजा गया है, जबकि नीतीश की 15 साल की सरकार में अबतक 55 घोटाले हुए हैं, जिसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए।

विधायक ने किया पुल का शिलान्यास

तरैया। प्रखंड के तरैया बाजार से प्रखंड मुख्यालय जानेवाली सड़क में खदरा नदी पर बने ब्रिटिशकालीन जर्जर पुल की जगह बनने वाले उच्चस्तरीय आरसीसी पुल का शिलान्यास शनिवार को तरैया विधायक मुद्रिका प्रसाद राय ने किया। शिलान्यास समारोह में विधायक ने कहा कि वर्षो के प्रयास के बाद उक्त स्थल पर नए पुल का निर्माण होने जा रहा है। उक्त नये पुल का निर्माण 314.60 लाख तथा अनुरक्षण की राशि 1.60 लाख अर्थात कुल 3 करोड़ 16 लाख की लागत से होगा। यह 34.22 मीटर लम्बा होगा। विधायक ने कहा कि इस पुल का निर्माण हो जाने से तरैया बाजार से प्रखंड मुख्यालय, थाना, अस्पताल, कॉलेज, भलुआ, माधोपुर, उसरी, समेत दर्जनों गांवों के लोगों को आने जाने में अब काफी सहूलियत होगी। नये पुल का निर्माण छह माह में हो जाएगा। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष बीर बहादुर राय, रविन्द्र राय, फखरुद्दीन अली, विजय यादव, अशोक राय, डॉ. केशव कुमार, अशोक यादव, भिखारी राय, मनोज राय, रामजन्म राय समेत दर्जनों कार्यकर्ता व व्यवसायी उपस्थित थे।

राजद नेता की गोली मारकर हत्या

सीवान। बिहार के सीवान जिले में बदमाशों ने गोली मारकर राजद नेता की हत्या कर दी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महुआरी पंचायत के मोलानपुर गांव की है। मरने वाले की पहचान शिवपूजन मांझी का बेटा संजय मांझी (35) के रूप में हुई।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजद नेता संजय मांझी शनिवार को पत्नी के साथ कमरे में सो रहे थे। रात करीब 1 बजे कुछ लोगों ने खिड़की खटखटाया। खिड़की खोलते ही बदमाशों ने राजद नेता को गोली मार दी। 3 गोली राजद नेता के सीने में लगी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से भाग निकले।

रविवार सुबह राजद नेता की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सैकड़ों लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

एनएच 722 पर ट्रैक्टर-टेपों की टक्कर में युवक की मौत, आधा दर्जन घायल

भेल्दी। छपरा-रेवा मुख्यमार्ग पर भेल्दी थाना क्षेत्र के सरायबक्स गांव में शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर की टेंपो से हुई टक्कर में टेंपो सवार युवक की मौत हो गई। आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। लोगों ने ट्रैक्टर चालक की जमकर पिटाई कर दी और पुलिस के हवाले कर दिया। मृतक भेल्दी थाना के पांडेय टोला गांव निवासी दुलारचंद साह का 18 वर्षीय पुत्र रूपेश कुमार था।

यात्रियों को लेकर एक टेंपो गड़खा से भेल्दी की ओर जा रहा था। इस दौरान राघव इंजीनियरिग वर्क्स के समीप सामने से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। वह टेंपो से जा टकराया। दुर्घटना के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में पलट गए। घटना के बाद चीख-पुकार मच गई। टेंपो सवार आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टर ने रूपेश को मृत घोषित कर दिया।

रूपेश अपनी मां सरस्वती देवी एवं बहन माया देवी के साथ किसी डाक्टर से मिलकर टेंपो से अपने घर पांडेय टोला जा रहा था। इसी क्रम में हादसा हुआ। अन्य घायलों मे चुन्नू सिंह एवं गया भगत आदि शामिल हैं।

ट्रक से टकराया तेज रफ्तार टेंपो, पांच घायल

दिघवारा। छपरा-सोनपुर सड़क मार्ग पर दिघवारा थाना क्षेत्र के चकनूर गांव के समीप टेंपो व ट्रक की आमने-सामने की टक्कर में टेंपो सवार पांच यात्री घायल हो गए। उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिघवारा में किया गया। घायलों में दिघवारा थाना क्षेत्र के अनंत मिर्जापुर निवासी रिटायर्ड चौकीदार 65 वर्षीय इतवारी मांझी, डोरीगंज थाना क्षेत्र के बलुआं निवासी भूषण राय के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार राय, इस्माइलपुर की 60 वर्षीय ललिता कुंवर तथा उनका 35 वर्षीय पुत्र अनुज महाराज एवं अवतारनगर थाना क्षेत्र के झौवां टोला निवासी अजय कुमार के 35 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक आमी से दिघवारा की तरफ से यात्रियों को लेकर आ रहा टेंपो जैसे ही चकनूर गांव के समीप पहुंचा कि सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष मिहिर कुमार व एसआइ फूलहसन दल बल के साथ पहुंचे और घायल यात्रियों का हाल जाना।

ई-रिक्शा के पलटने से मां-बेटा घायल

मांझी। मांझी बरौली पथ पर मदनसाठ गांव के समीप एक ई रिक्शा पलट जाने से मां-बेटे जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी महिला को राहगीर जुबैर अली बाइक से मांझी पीएचसी पहुंचाया। जख्मी महिला मांझी धनी छपरा के स्व शंकर सिंह की पत्नी बसंती देवी हैं। उन्हें सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। वहीं उसके पुत्र बीर बहादुर का इलाज पीएचसी में कराया गया। महिला अपने पुत्र के साथ मायके मदनसाठ गांव जा रही थी।

सड़क व पुल का किया गया शिलान्यास

अमनौर। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सम्पर्क निश्चय योजना के तहत अमनौर कल्याण पंचायत अंतर्गत सहादी छपरा पुरैना गांव में बनने वाली सड़क का शिलान्यास शनिवार को विधायक शत्रुघ्न तिवारी उर्फ चोकर बाबा ने नारियल फोन कर किया ।

विधायक ने कहा कि अमनौर विधानसभा क्षेत्र में सड़को का जाल बिछा दिया जाएगा। हर टोला कस्बा को मुख्य सड़क से जोड़कर घर घर विकास की किरणें पहुंचाने का संकल्प व सबका साथ सबका विकास यहां धरातल पर दिख रहा हैं। संवेदक ने बताया कि सहादी छपरा बड़ी नहर तक 425 मीटर पीसीसी सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। मौके पर जेई अब्दुल मतीन खां, अरुण सिंह, हरिनारायण सिंह, शंकर सिंह,हबीब अंसारी, अरमान अंसारी, महरुम अली,नवाज शरीफ, हीरा राम, बिहारी राम, टीमल राम, बिहारी राम मौजूद थे। भरत मिलाप चौक के सौंदर्यीकरण का विधायक ने किया उद्घाटन

छपरा ~ शहर के भरत मिलाप चौक के समीप कराए गए सौंदर्यीकरण का उद्घाटन शनिवार को छपरा के विधायक डॉ सीएन गुप्ता ने किया। विधायक ने कहा कि पूर्व में इस चौक पर गोलंबर हुआ करता था जो ध्वस्त हो चुका था। एक तरफ की सड़क आवागमन के लिए बंद हो गई थी। गंदगी और जलजमाव के बीच यहां आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता था। यहां से गुजरने के दौरान लोग नाक पर रुमाल रख लिया करते थे। एनएच एवं जेल प्रशासन से कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद यहां सौंदर्यीकरण का काम कराया गया।

महिला दिवस पर ट्वीट कर ट्रोल हो गए तेज प्रताप यादव



पटना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू प्रयाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने ट्विटर पर महिलाओं को बधाई दी। इसके बाद यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करते हुए पूछा कि ऐश्वर्या भाभी कैसी हैं? उन्हें बधाई दो और माफी मांगो।

विदित हो कि तेज प्रताप यादव ने शादी के छह महीने के भीतर ही पत्नी ऐश्वर्या राय पर तलाक का मुकदमा कर दिया। इसके बावजूद ऐश्वर्या ससुराल में ही रहीं। लेकिन आरोप है कि कुछ महीना पहले सास राबड़ी देवी ने उन्हें घर से निकाल दिया। इसके बाद ऐश्वर्या अपने मायके में हैं। महिला दिवस के अवसर पर जब तेज प्रताप यादव ने ट्वीट कर बधाई दी तो यूजर्स ने इस घटना की याद दिला दी।

रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे ....

छपरा। जेपीएम कॉलेज में शनिवार को क्या छात्राएं और क्या शिक्षिका, सभी अबीर-गुलाल से सराबोर हो गई। होली गीतों पर वे जमकर थिरकीं। अवसर था होली मिलन समारोह का। छात्रा रिया, प्रियंका भारती, शिवानी पांडेय, लक्ष्मी दीपाली सिंह, प्रिया पाठक, आनंदी सोनी, अनन्या ने होली गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। इस मौके पर शिक्षिका डा. रेखा श्रीवास्तव, डॉ. बबीता वर्द्धन, डॉ. मुग्धा पांडेय, डॉ. नीतू सिंह, चंचल , डॉ.अर्चना, डॉ. अम्बिका श्रीवास्तव, चंदन सिंह, अमरेंद्र सिंह, डॉ. सोनाली सिंह,डॉ. शिवकांत तिवारी, शबाना मलिक, आकांक्षा, सनोज राम, शिक्षकेत्तर कर्मी मनीषा, शीला नाथ सिंह, अनवर, मिटू सिंह, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, सुबोध कुमार,सुजीत कुमार, मुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

डॉक्टरों की हड़ताल ने मरीजों को किया बेहाल

छपरा। नालंदा में चिकित्सक की हत्या के विरोध में बिहार राज्य चिकित्सा सेवा संघ के आह्वान पर शनिवार को सदर अस्पताल समेत जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों ने ओपीडी सेवा का बहिष्कार किया। हालांकि इमरजेंसी, एसएनसीयू, आइसीयू में चिकित्सकों ने काम किया। पोस्टमार्टम भी किया गया। अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रहे। इमरजेंसी में मरीजों की कतार लगी थी। लेकिन बड़ी संख्या में लोगों को निराश लौटना पड़ा। कई मरीजों को अपनी पीड़ा के कारण निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ा। एंटी रैबीज इंजेक्शन नहीं लगा। एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए आए मरीजों को लौटना पड़ा। सदर अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन छह से सात सौ मरीज आते हैं, उनमें से करीब सौ की संख्या एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की होती है। दूरदराज से मरीज आए थे। लेकिन ओपीडी बंद रहने के कारण इंजेक्शन नहीं मिला। लोगों का कहना था कि आज ओपीडी बंद रहा। अगला दिन रविवार है। उस दिन भी यह बंद ही रहेगा। अब सोमवार तक इंतजार करना पड़ेगा। इसी तरह अल्ट्रासाउंड, एक्सरे, ईसीजी, पैथोलॉजिकल जांच का कार्य भी बाधित रहा। यक्ष्मा, एड्स, कालाजार कुष्ठ रोग के मरीजों को भी दवा नहीं मिली। गड़खा के मोतीराजपुर निवासी मो असगर ने बताया कि बेटे का हाथ टूटा हुआ है। प्लास्टर लगाने के लिए आज बुलाया गया था, लेकिन लौटना पड़ रहा है। अब तो रविवार के कारण दो दिनों तक इंतजार करना होगा।

इधर अन्य अस्पतालों में भी मरीजों का उपचार नहीं हो सका। खासकर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को हड़ताल ने काफी परेशान किया।

जब स्कूल से सस्पेंड होने वाली थीं सारा अली खान

रिचा चड्ढा ने शेयर की एंगेजमेंट रिंग की तस्वीर

पोल डांस सीख रहे हैं अक्षय कुमार

स्टाइलिश हीरो के रूप में अपनी पहचान बनाई फरदीन खान ने

जन्मदिन पर विशेष

करीना कपूर के इंस्टाग्राम पर हुआ तैमूर का डेब्यू, मन मोह लेगी तस्वीर

वसीम जाफर का क्रिकेट से सन्यास, दूसरे ही फर्स्ट क्लास मैच में लगाई थी ट्रिपल सेंचुरी

नाम हैं 10 रणजी ट्रॉफी खिताब

10 शतक, 10 रणजी खिताब

रणजी में रिकॉर्ड 12 हजार रन

दूसरे ही प्रथम श्रेणी मैच में तिहरा शतक

इंटरनेशनल करियर

आईपीएल 2020 ऑन या ऑफ

कोरोना के कहर पर फिलहाल बीसीसीआई का फॉर्मूला- 'देखो और इंतजार करो'

भारत-ऑस्ट्रेलिया में फाइनल आज

■ खिताबी जंग के लिए दोनों टीमों ने जोरदार की पूरी तैयारी

फाइनल से पहले हरमनप्रीत के दिमाग में घूम रहा है 8 दिन का विश्राम

मैच जीतने के लिए बैकलाइन मजबूत होना जरूरी: सुरेंदर

लखनऊ हिंसा के आरोपियों के पोस्टर चौराहे पर लगाए जाने के मामले पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के विरोध में पिछले दिनों लखनऊ में हिंसा के दौरान तोड़फोड़ करने के आरोपियों के पोस्टर सड़क किनारे लगाने के मामले में फैसला सुरक्षित कर लिया है। यह आदेश मुख्य न्यायमूर्ति गोविंद माथुर एवं न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की विशेष खंडपीठ ने रविवार को महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह को सुनने के बाद दिया।

पूरी प्रक्रिया, नोटिस पर भी नहीं आए तो लगाने पड़े पोस्टर : राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सड़क किनारे उन लोगों के पोस्टर लगाए गए हैं, जिन्होंने कानून का उल्लंघन किया है। इन लोगों ने सार्वजनिक ही नहीं, लोगों की निजी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि बाकायदा पड़ताल के बाद इन लोगों के नाम सामने आए तो कानून के मुताबिक पूरी प्रक्रिया अपनाने हुए उन्हें अदालत से भी नोटिस जारी किया गया। अदालत के नोटिस के बावजूद ये लोग उपस्थित नहीं हो रहे थे। ऐसे में सार्वजनिक रूप से इनके पोस्टर लगाने पड़े। इस पर कोर्ट ने जानना चाहा कि ऐसा कौन सा कानून है जिसके तहत ऐसे लोगों के पोस्टर सार्वजनिक तौर पर लगाए जा सकते हैं।

कानून के मुजरिमों के खिलाफ जनहित याचिका पोषणीय नहीं : महाधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कहा कि ये कानून तोड़ने वाले लोग हैं और कानूनी प्रक्रिया से बच रहे हैं इसलिए सार्वजनिक रूप से इनके बारे में इस तरह खुलासा किया गया। महाधिवक्ता का यह भी कहना था जिन लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है, वे सभी कानून के मुजरिम है। एडवोकेट जनरल ने यह भी कहा कि सभी पढ़े-लिखे लोग हैं व कानून के जानकार हैं इसलिए ऐसे लोगों को मामले में जनहित याचिका पोषणीय नहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले में जनहित याचिका के माध्यम से हस्तक्षेप नहींम किया जाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्राधिकार की भी बात कही। कोर्ट ने महाधिवक्ता को सुनने के बाद इस मामले पर निर्णय सुरक्षित कर लिया।

मौखिक टिप्पणी- ऐसा कोई काम न हो जिससे किसी का दिल दुखे : इससे पूर्व विशेष खंडपीठ ने सुबह दस बजे मामले पर सुनवाई शुरू की लेकिन महाधिवक्ता के उपस्थित न हो पाने के कारण सुनवाई अपराह्न तीन बजे तक के लिए टाल दी गई थी। उस दौरान कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी से मौखिक तौर पर कहा कि ऐसा कोई कार्य नहीं किया जाना चाहिए, जिससे किसी के दिल को ठेस पहुंचे।

सरकारी वकीलों को ही अंदर जाने की अनुमति थी : सुबह सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित एक अधिवक्ता ने इसी मामले को लेकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना शुरू किया तो कोर्ट ने उन्हें मना कर दिया। दोपहर बाद की सुनवाई में सरकारी वकीलों के अलावा अन्य अधिवक्ताओं के प्रवेश पर रोक लगा दी थी लिहाजा कोई भी वकील न्याय कक्ष में प्रवेश नहीं कर सका।

आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी दंपति हिरासत में, सीएए की आड़ में मुस्लिमों को उकसाने का आरोप

नई दिल्ली : केंद्रीय खुफिया इकाइयों के इनपुट पर इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन प्राविंस (आईएसकेपी) से कथित तौर पर जुड़े एक कश्मीरी जोड़े को हिरासत में लिया गया है। खुफिया ऑपरेशन के तहत हिरासत में लिया गया यह जोड़ा अफगानिस्तान में सक्रिय आईएसकेपी के कुछ संदिग्धों के साथ मिलकर दिल्ली में सीएए की आड़ में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जुटा था।

केंद्रीय खुफिया इकाइयों के इनपुट पर इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासन प्राविंस (आईएसकेपी) से कथित तौर पर जुड़े एक कश्मीरी जोड़े को हिरासत में लिया गया है। खुफिया ऑपरेशन के तहत हिरासत में लिया गया यह जोड़ा अफगानिस्तान में सक्रिय आईएसकेपी के कुछ संदिग्धों के साथ मिलकर दिल्ली में सीएए की आड़ में बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जुटा था।

कश्मीर निवासी जहांजीब सामी और उसकी पत्नी हिंडा बशीर बेग को हिरासत में लिया गया है। खुफिया इकाइयों की मानें तो इसके लिए दिल्ली व आसपास के कुछ जवानों को इस जोड़े के नेटवर्क से जुड़े लोगों ने वारदात को अंजाम दिलाने के लिए संपर्क भी किया था। हालांकि यह ऑपरेशन केंद्रीय खुफिया इकाइयों की तरफ से चलाया गया है और यह अभी प्रारंभिक स्तर पर है, लिहाजा इस ऑपरेशन का हिस्सा रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अभी इस बारे में अभी ज्यादा डिटेल साझा करने से परहेज कर रही है। कश्मीर निवासी जहांजीब सामी और उसकी पत्नी हिंडा बशीर बेग को हिरासत में लिया गया है। खुफिया इकाइयों की मानें तो इसके लिए दिल्ली व आसपास के कुछ जवानों को इस जोड़े के नेटवर्क से जुड़े लोगों ने वारदात को अंजाम दिलाने के लिए संपर्क भी किया था। हालांकि यह ऑपरेशन केंद्रीय खुफिया इकाइयों की तरफ से चलाया गया है और यह अभी प्रारंभिक स्तर पर है, लिहाजा इस ऑपरेशन का हिस्सा रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अभी इस बारे में अभी ज्यादा डिटेल साझा करने से परहेज कर रही है।

कोरोना के कारण लेह लद्दाख के सभी स्कूल 31 मार्च तक बंद

नई दिल्ली : दुनिया में कोरोना का कहर अभी कम होता नजर नहीं आ रहा। घातक कोरोना वायरस की चपेट में आने से दुनियाभर में अबतक 3 हजार 500 से ज्यादा लोगों की मोत हो चुकी है, जबकि एक लाख चार हजार से ज्यादा लोग संक्रमित हैं। वहीं केरल में पांच नए मामले सामने आने के बाद भारत में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या बढ़कर 39 हो गई है।

- कोरोना वायरस की वजह से लेह-लद्दाख के सभी स्कूल 31 मार्च तक बंद रहेंगे।
- बांग्लादेश और पैराग्वे में कोरोना वायरस के तीन नए मामले सामने आए हैं। कोरोना वायरस तेजी से दुनिया के और कई देशों में फैल रहा है।
- कोरोना वायरस को लेकर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान वैज्ञानिक परिषद ने कहा कि पिछले एक महीने में देश भर से लगभग 4,000 सैंपल का परीक्षण किया गया। हर दिन औसतन 25 नमूने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे में परीक्षण किए जा रहे हैं।
- ईरान में 49 और लोगों की कोरोना वायरस से मौत, अब तक 194 लोगों की मौत।
- ईरान एयर ने यूरोप की फ्लाइट अनिश्चित काल के लिए निलंबित की।
- इटली ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप को रोकने के लिए अपने नवीनतम प्रयास में मिलान सहित अपने धनी उत्तर के व्यापक स्वात में लॉक डाउन की स्थिति कर दी है। इस बीच सऊदी अरब में कोरोना वायरस के नए मामले सामने आ रहे हैं। सऊदी अरब के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक आज कोरोना वायरस के चार नए मामले सामने आ रहे हैं
- भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों द्वारा दिल्ली के छावला में उन बसों को कीटाणुरहित किया जा रहा है, जिस बस में कोरोना वायरस से ग्रसित इटली के नागरिकों ने राजस्थान और आगरा की यात्रा की।

पीडीपी के पूर्व नेता अल्ताफ बुखारी ने बनाई जेके अपनी पार्टी, कई नेता शामिल

जम्मू : आखिरकार जम्मू-कश्मीर में एक नया राजनीतिक संगठन उभर कर सामने आ गया। नाम है जेके अपनी पार्टी। रविवार को पूर्व वित्त मंत्री अल्ताफ बुखारी ने विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर आए करीब 30 नेताओं के साथ मिलकर नई पार्टी के गठन का एलान किया। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी का मकसद जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा दिलाना और शिक्षा व नौकरियों में डोमिसाइल अधिकार दिलाना है।

बुखारी को एक दिन पहले ही अपनी पार्टी का प्रधान चुना गया है। अपने निवास स्थान पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बुखारी ने कहा कि यह पार्टी आम लोगों द्वारा आम लोगों के लिए बनाई गई है। इसमें सभी आम लोग ही शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों के बीच ऐसे सपने नहीं बेचेंगे जो पूरे नहीं हो सकते हैं। हम लोगों की आम समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि जेके अपनी पार्टी जम्मू-कश्मीर के लोगों के स्वाभिमान को लौटाने के लिए काम करेगी।

मप्र में गर्माई सियासत के बीच शाह ने संभाला मोर्चा, भाजपा ने शुरू किया *ऑपरेशन अंजाम*

भोपाल : मध्य प्रदेश में करीब एक हफ्ते से चल रही सियासी उठापटक को अब परिणाम में बदलने के लिए भाजपा ने ऑपरेशन अंजाम शुरू कर दिया है। पार्टी नेताओं के मुताबिक अब मोर्चा खुद केंद्रीय गृहमंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अमित शाह ने संभाल लिया है।

प्रदेश के पूर्व मंत्रियों व भाजपा विधायकों के खिलाफ जिस तरह से कमलनाथ सरकार ने आक्रामक रुख अपनाया है, उसके बाद पार्टी ने तय किया है कि अब हर हाल में ऑपरेशन अंजाम को सफल बनाना है। इसी कड़ी में दिल्ली में शाह के साथ शनिवार को एक नहीं, कई दौर में प्रदेश के नेता व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बातचीत की। प्रधान भी मप्र से ही राज्यसभा सदस्य हैं।

निर्दलीयों की उछलकूद से परेशान : भाजपा निर्दलीय विधायकों की उछलकूद से परेशान हो गई है। इसलिए उसके फोकस में अब निर्दलीयों के बजाय कांग्रेस के विधायक हैं। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस के अलग-अलग विधायकों से पार्टी ने पहले से संवाद कर रखा है, अब निश्चित मुहूर्त पर इस ऑपरेशन को अंजाम तक पहुंचाना है।

मिश्रा ने शेर पढ़कर दिया संदेश : पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को शेर पढ़ा, जो मौजूदा सियासी हालात पर बेहद सटीक बैठता है। मिश्रा ने कहा ये मंथन, ये परिवर्तन और तमाशा होने दो, कहां-कहां उनके गद्दार छिपे हैं कुछ और खुलासे होने दो।

11 मार्च तक राणा ईडी की कस्टडी में, पत्नी बिंदु से भी होगी पूछताछ

मुंबई : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यस बैंक के संस्थापक राणा कपूर को धन शोधन के आरोपों के तहत रविवार तड़के गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने कपूर को 11 मार्च तक के लिए ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। उनको कोर्ट में पेश किये जाने से पहले जीटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनका मेडिकल किया गया।

इधर, राणा कपूर की पत्नी भी ईडी दफ्तर पहुंचीं हैं जहां उनसे अधिकारी पूछताछ करेंगे। अधिकारियों के अनुसार, कपूर की पत्नी बिंदु और बेटियां राखी कपूर टंडन, रोशनी कपूर और राधा कपूर उन कंपनियों से कथित तौर पर जुड़ी है जिनमें आपराधिक गतिविधियों का पता चला है।

सहयोग नहीं कर रहे राणा कपूर : राणा कपूर की गिरफ्तारी के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि बैंकर को तड़के करीब तीन बजे धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह जांच में कथित तौर पर सहयोग नहीं कर रहे थे। केंद्रीय एजेंसी ने कपूर के आवास पर शुक्रवार रात को छापा मारा था जिसके बाद 20 घंटे से अधिक समय तक चली पूछताछ के बाद बेलार्ड एस्टेट में ईडी के कार्यालय में कपूर को गिरफ्तार कर लिया गया। यह गिरफ्तारी तब हुई है जब इस निजी बैंक में वित्तीय अनियमितताओं और इसके संचालन में कुप्रबंधन के आरोप सामने आये हैं और आरबीआई एवं केंद्र सरकार ने इसके मामलों को नियंत्रित करने के लिए कार्रवाई शुरू की है।

मुंबई में कपूर की तीन बेटियों के परिसरों की तलाशी : मामले के जांच अधिकारी ने उस समय पीएमएलए के तहत कपूर का बयान दर्ज किया था जब उनसे यहां वर्ली इलाके में समुद्र महल में उनके आवास पर शुक्रवार रात को पहली बार पूछताछ की गयी थी। उन्हें नये सिरे से पूछताछ के लिए शनिवार दोपहर को ईडी कार्यालय लाया गया। एजेंसी ने शनिवार को मामले में अपनी जांच का दायरा बढ़ाते हुए और जानकारी एवं सबूत जुटाने के वास्ते दिल्ली एवं मुंबई में कपूर की तीन बेटियों के परिसरों की तलाशी ली।

कपूर के खिलाफ मामला घोटालों से घिरी डीएचएफएल से जुड़ा : ईडी अधिकारियों ने बताया कि कपूर के खिलाफ मामला घोटालों से घिरी डीएचएफएल से जुड़ा है। डीएचएफएल ने बैंक से कर्ज लिया था लेकिन उसे चुकाया नहीं और वह गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) में बदल गया। डीएचएफएल द्वारा एक कंपनी को दिए 600 करोड़ रुपये का कर्ज भी ईडी की जांच के केंद्र में है। केंद्रीय एजेंसी कुछ कॉरपोरेट कंपनियों को कर्ज देने में कपूर की भूमिका और इसके बाद उनकी पत्नी के खातों में रिश्वत की रकम डाले जाने के मामले की भी जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश बिजली निगम में कथित पीएफ धोखाधड़ी से संबंधित एक मामले समेत अन्य कथित अनियमितताएं भी एजेंसी की जांच के घेरे में है।

सीबीआई जांच : सीबीआई ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में 2,267 करोड़ रुपये के कर्मचारी भविष्य निधि घोटाले की जांच हाथ में ली थी जहां बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएचएफएल) में निवेश किया गया था। ईडी ने तब कार्रवाई की है जब भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को पूंजी की कमी से जूझ रहे यस बैंक पर पाबंदी लगायी, जिससे उसका हर खाताधारक केवल 50,000 रुपये तक ही निकाल सकता है और निजी क्षेत्र के इस बैंक के बोर्ड को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

होली की बधाई...

बहुचर्चित चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव का लंबे समय से रांची स्थित रिम्स में इलाज चल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री यादव दिसंबर 2017 से रांची की बिरसा मुंडा जेल में बंद हैं। बीमार होने की वजह से उनका इलाज रिम्स के पेइंग वार्ड में किया जा रहा है। राजद अध्यक्ष अनियंत्रित मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, क्रॉनिक किडनी डिजीज (स्टेज थ्री), फैटी लीवर, पेरियेनल इंफेक्शन, हाइपर यूरिसिमिया, किडनी स्टोन, फैटी हेपेटाइटिस, प्रोस्टेट जैसी बीमारियों से ग्रसित हैं।

पारा शिक्षकों को होली...

विभिन्न कारणों की वजह से पारा शिक्षकों के रोके गए मानदेय (यथा अप्रशिक्षित, एनसी/एबी क्लियर, एनसी अंकित, केस दर्ज के पश्चात जेल गए पारा शिक्षक, पलामू के छतरपुर नौडीहा के 436 पारा शिक्षकों के चयन को गलत तरीके से अवैध ठहराकर रोके गए आदि) का भुगतान जल्द हो इसकी मांग पारा शिक्षकों ने की है साथ ही भुगतान नहीं होने पर पारा शिक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है। इस पर पारा शिक्षकों कहना है की मुख्यमंत्री ने स्वयं संज्ञान लिया है। उन्होंने उम्मीद जताया है कि जल्द ही भुगतान कर दिया जायेगा। उनका कहना है कि होली के बाद उच्चस्तरीय कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। पारा शिक्षकों ने कहा है कि नियमावली फाइनल हो और लंबित मानदेय भुगतान का आदेश हो इसे लेकर उच्चस्तरीय कमेटी की बैठक में हमारी तरफ से प्रयास जारी है। इसके बाद भी यदि लंबित मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो पारा शिक्षक आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे।

रांची के युवक...

आइसीएमआर ने एमजीएम का किया चयन, 10 दिन में शुरू हो सकती यह सुविधा : फिलहाल कोलकाता लैब में लोड अधिक होने की वजह से रिपोर्ट आने में सात दिन का समय लग जाता है। एमजीएम में एडवांस वायरोलॉजी लैब बनकर तैयार है। अभी झारखंड में कोरोना वायरस की जांच की सुविधा नहीं है। नमूना संग्रह कर कोलकाता जांच के लिए भेजा जा रहा है। करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली इस लैब में कोरोना वायरस सहित विभिन्न बीमारियों को फैलने वाले वायरस की भी जांच संभव होगी।

सेंसेटिव जोन रहा है जमशेदपुर : बीमारियों के मामले में पूरे झारखंड में जमशेदपुर को सबसे सें सेंसेटिव जोन माना जाता है। पूर्वी सिंहभूम जिले में हर साल कोई न कोई वायरस पनपता है। इसे लेकर केंद्रीय टीम भी जिले का कई बार निरीक्षण कर चुकी है। एमजीएम में बड़े महानगरों की तर्ज पर एमजीएम में इल लैब को स्थापित किया गया है। इसमें विभिन्न वायरस को लेकर गहनता से जांच की जा सकेगी।

राष्ट्रपति कोविंद ने...

- इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अकाउंट से कानपुर की रहने वाली कलावती देवी और महाराष्ट्र की रहने वाली विजय पवार और कश्मीर की आरिफा की कहना भी साझा की गई।
- स्नेहा मोहन दास के बाद पीएम मोदी के ट्विटर अकाउंट की जिम्मेदारी मालविका अय्यर ने संभाला और उन्होंने अपनी कहानी को साझा किया।
- इससे पहले तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने अकाउंट से ट्वीट कर रहे थे। उनके साइन ऑफ होते ही। पहली महिला ने उनके अकाउंट से ट्वीट किया। महिला ने ट्वीट करते हुए लिखा आपने सोचा के लिए भोजन के बारे में सुना। अब, हमारे गरीबों के बेहरत भविष्य के लिए कार्रवाई का समय है। नमस्कार मैं हूँ @snehamohandoss स्नेहा मोहन दास। मेरी मां से प्रेरित होकर मैंने ये काम शुरु किया, जिन्होंने बेघरों को खाना खिलाने की आदत डाली, मैंने फूडबैंक इंडिया नाम से यह पहल शुरू की।
- पीएम ने ट्वीट कर कहा मैं स्वयंसेवकों के साथ काम करता हूं, जिनमें से कई भारत के बाहर हैं, भूख मिटाने की दिशा में काम करने के लिए। हमारे पास 20 से अधिक अध्याय हैं और हमने अपने काम से कई लोगों को प्रभावित किया है। हमने मास कुकिंग, कुकिंग मैराथन, ब्रेस्ट फीडिंग अवेयरनेस ड्राइव जैसी गतिविधियां भी शुरू कीं है।
- भारत में राष्ट्र के सभी हिस्सों में महिलाओं की उपलब्धि है। इन महिलाओं ने कई क्षेत्रों में शानदार काम किया है। उनके संघर्ष और आकांक्षाएं लाखों लोगों को प्रेरित करती हैं। आइए हम ऐसी महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाते रहें और उनसे सीखें।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर नारी शक्ति पुरस्कार हासिल करने वाली महिलाओं से संवाद कर रहे हैं। साथ ही वह महिलाओं को प्रेरित करने वाली कहानियां भी सुनेंगे। खास बात ये है कि पीएम मोदी आज अपना सोशल मीडिया अकाउंट किसी महिला को सौपेंगे। इससे पहले तक सरकार ने कई ऐसी महिलाओं की कहानियां शेयर की है जो काफी प्रेरणा देने वाली हैं।

सोशल मीडिया पर सरकार ने बताई फाल्गुनी की कहानी : सरकार ने ट्वीटर अकाउंट पर गृहिणी फाल्गुनी की कहानी शेयर की ट्वीट में बताया गया कि गृहिणी फाल्गुनी दोषी ने जरूरतमंदों के लिए व्हीलचेयर, वॉकर, अस्पताल के बेड, बैसाखी आदि उपकरणों की आसान पहुंच के लिए एक रास्ता निकाला और उन्हें प्रतिदिन कम से कम Re.1 से लेकर रु 5 तक के लिए किराए पर देना शुरू कर दिया। इस योजना के माध्यम से हजारों लोग लाभान्वित हुए हैं।

सुजाता साहू आयरन लेडी ऑफ लद्दाख : सुजाता साहू, जिसे लद्दाख की आयरन लेडी भी कहा जाता है, उन्होंने 17000 एजुकेशन के नाम से एक फाउंडेशन की स्थापना की जिसका उद्देश्य लद्दाख के दूरदराज के गांवों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। 2014 तक, इस फाउंडेशन ने 50,000 पुस्तकों का दान किया, 15 स्कूलों और अधिक में खेल के मैदान स्थापित किए। #SheInspiresUs

सालों से लोगों की मदद कर रही डॉक्टर दादी : भक्ति यादव जो किसी सरकारी अस्पताल में काम नहीं करती है। उन्हें डॉक्टर दादी के नाम से भी जाना जाता है। 91 वर्षीय इंदौर, एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाली पहली महिला हैं। वह पिछले 68 सालों से मरीजों का मुफ्त में इलाज कर रही है और इससे हजारों बच्चों को जन्म देने में मदद मिली है।

ट्विटर पर झारखंड सरकार... : मुख्यमंत्री को ट्वीट के माध्यम से बताया गया कि बारिश होते ही शहर में जलजमाव की समस्या देखने को मिलती है, जिससे उस स्थान पर रहनेवाले आम लोगों को परेशानी तो होती ही है, बीमारी का भी खतरा लगातार बना रहता है। विद्यापति नगर वार्ड दो में बारिश के कारण जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे यहां रह रहे नागरिकों को आये दिन जूझना पड़ता है।

सात साल के बच्चे ने कहा-मैं जीना चाहता हूं हेमंत भैया : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फिरदौश अंसारी को त्वरित मदद पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से आग्रह किया है। मुख्यमंत्री को परवेज इमान ने ट्वीट कर बताया कि मैं जीना चाहता हूं हेमंत भैया। नाम फिरदौश अंसारी। पता बाबूडीह चंदनकियारी बोकारो स्टील सिटी।फिरदौश अंसारी सड़क दुर्घटना के कारण जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। अभी रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती है।

राज्य सरकार ने...

आपत्ति रहित मामलों के लिए 30 दिन और आपत्ति सहित मामलों के निष्पादन के लिए 90 दिन का समय निर्धारित है। अभी राज्य में 30 दिनों से अधिक के कुल 2671 मामले और 90 दिनों से अधिक के कुल 120 मामले लंबित हैं। हालांकि विभाग ने तर्क दिया है कि सॉफ्टवेयर की गड़बड़ी के कारण भी म्यूटेशन के कुछ मामले फंसे हैं। एनआईसी की ओर से सॉफ्टवेयर में सुधार की कोशिश की जा रही है। मुख्य सचिव भी मामले की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सॉफ्टवेयर में सुधार और मॉनिटरिंग से मामले के निपटारे में तेजी आएगी।

अधिग्रहित भूमि का पांच साल में उपयोग नहीं हुआ तो रैयतों को वापस होगी : राज्य सरकार ने आश्वस्त किया है कि जिन उद्देश्यों के लिए जमीन का अधिग्रहण किया गया, अगर पांच साल में उसी के अनुरूप उपयोग नहीं हुआ तो जमीन संबंधित रैयत या उनके वारिसों को वापस कर दिया जाएगा। भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकार और पारदर्शिता का प्राधिकार अधिनियम 2013 की धारा 101 में यह प्रावधान किया गया है कि जमीन पर कब्जा लेने की तारीख से अगर पांच साल में उपयोग नहीं हुआ तो जमीन वापस कर दी जाएगी। सरकार ने बताया कि पहले यह जमीन राज्य सरकार के भूमि बैंक को वापस की जाएगी। फिर आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में गोड्डा में बैजल महोत्सव में जमीन म्यूटेशन के लंबित मामलों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। अफसरों को चेताया था कि ऐसे मामले फंसे तो उन्हें सस्पेंड किया जएगा।

सभी वार्डों का...

आयुक्त को इसे संज्ञान में लेते हुए उचित समाधान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम आयुक्त से कहा है कि सभी वार्डों का वह मुआयना करने के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि ऐसी परेशानी और कहीं ना हो। मुख्यमंत्री को ट्वीट कर बताया गया कि बारिश होते ही जलजमाव की समस्या बढ़ जाती है।

यूपी में कर्ज तले दबे किसान ने बैंक के सामने की आत्महत्या, जेब में मिला सुसाइड नोट

सहारनपुर : उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में एक किसान ने कथित तौर पर कर्ज के दबाव से परेशान होकर बैंक के सामने ही आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी (देहात) विधासागर मिश्रा ने बताया कि अल्लीवाला निवासी किसान वेदपाल (50) शनिवार देर शाम कस्बा छुटमलपुर में देहरादून राजमार्ग स्थित यूनियन बैंक की शाखा पहुंचा और वहां एक खोखे के ऊपर एक पेड़ पर रस्सी लटकाकर उससे झूल गया। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने तुरन्त ही वेदपाल को नीचे उतारा और उसे चिकित्सक के यहां ले गये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह द्वारा स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, रांची से प्रकाशित कर मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सात्वीक प्रोडक्सन प्राइवेट लिमिटेड, सिमलिया चौक दलादली, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची), संपादक-सचिन कुमार सिंह * (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) फोन नं.- 0651-2290111, ईमेल- www.navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)